भोपाल
रविवार 8 मार्च 2020
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 07, अंक : 11
पृष्ठ : 12+8+4 = 24 मूल्य : 4.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं




दोप. 12.30 बजे से भारत-ऑस्ट्रेलिया में फाइनल जंग

# महिला दिवस पर भारतीय बेटियां दिखाएंगी 'दम', अपने बर्थडे पर फाइनल खेलने वाली कप्तान हरमनप्रीत दुनिया की पहली क्रिकेटर

## भारतीय टीम पहली बार खिताब जीतकर इतिहास रचने से एक कदम दूर

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न/नई दिल्ली

आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप का सफर अब आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुका है। रविवार को महिलाओं के क्रिकेट के इस महाकुंभ का फाइनल मैच भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के बीच ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा।

यह भारतीय समयानुसार, दोपहर 12.30 बजे से होगा। रविवार को महिला दिवस भी है। मेलबर्न में महिला दिवस पर भारतीय बेटियां अपना दम दिखाएंगी। भारतीय टीम पहली बार फाइनल ▸▸ शेष पेज 7 पर



### आज स्टेडियम नीले रंग से पटा रहेगा



*भारतीय महिला टीम रविवार (8 मार्च) को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर उतरेगी तो स्टेडियम नीले रंग (भारतीय टीम की जर्सी) से पटा रहेगा।*

*नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*

### महिलाएं संभालेंगी पीएम के सोशल मीडिया अकाउंट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला दिवस पर अपना सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं को समर्पित करेंगे जिनसे वो प्रेरित हुए हैं। पीएम ने कहा था 'इस महिला दिवस, मैं अपना सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं को सौंपूंगा जिनके जीवन और काम ने हमें प्रेरित किया है। इस कैंपेन के तहत कुछ चिन्हित महिलाओं ▸▸ शेष पेज 7 पर

### देशभर के स्मारक स्थल पर महिआओं का प्रवेश निःशुल्क

*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पहली बार रविवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के तहत आने वाले स्मारक स्थलों पर सभी महिलाओं के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा। संस्कृति मंत्रालय के आदेश के अनुसार एएसआई के तहत आने वाले सभी स्मारक स्थलों पर महिला पर्यटकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### राम मंदिर के लिए उद्धव ने दिए एक करोड़ रुपए



**अयोध्या।** महाराष्ट्र सरकार के 100 दिन पूरा होने पर अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को उत्तर प्रदेश पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया। उद्धव ठाकरे परिवार और शिवसेना के नेताओं ने रामलला के दरबार में माथा टेका, हनुमानगढ़ी के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए दिए और कहा मैं भाजपा से अलग हुआ हूं, हिंदुत्व से नहीं।

### टीम इंडिया में वापसी हार्दिक 12 को खेलेंगे

**नई दिल्ली।** भले ही हार्दिक पांड्या को उम्मीद से थोड़ा अधिक समय वापसी में लगा हो, लेकिन यह देर आया दुरुस्त वाली वापसी साबित हुई। डीवाई पाटिल प्रतियोगिता के जरिए अपने बल्ले की धार तेज करने वाला यह ऑलराउंडर 12 मार्च को धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले एकदिवसीय मैच के साथ राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए तैयार है।



रविवार

## असंतुष्टों और बागियों के जबरदस्त दबाव में सीएम कमलनाथ कह उठे...अग्निपथ...अग्निपथ...अग्निपथ

# शेरा आए और गए, दिग्विजय ने कहा-बाकी तीन कहां पर हैं, ये इन्हीं विधायक से पूछिए ?

*आने वाले थे गायब विधायक चार पर आए सिर्फ सुरेंद्र सिंह शेरा ही, वे सीधे सीएम कमलनाथ से सीएम हाउस में परिवार सहित आकर मिले, हालांकि, शेरा इस मुलाकात के बाद ज्यादा खुश नहीं थे, शाम को वे अकेले दिल्ली पहुंच गए, वे तत्काल मंत्री बनाए जाएंगे या नहीं? इस पर असमंजस बरकरार है, साथ ही बिसाहूलाल सिंह, रघुराज सिंह कंसाना व हरदीप सिंह डंग के बारे में शेरा ने कुछ नहीं बताया, हालांकि, दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्हें व अरविंद भदौरिया को बताना चाहिए कि बाकी तीनों कहां है?*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सत्तापक्ष के चार लापता विधायकों में से एक निर्दलीय सुरेंद्र सिंह शेरा शनिवार की दोपहर भोपाल लौट आए।

दिल्ली से इंडिगो की जिस फ्लाइट से शेरा लौटे संयोग से उसी में भाजपा के रणनीतिकार पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा भी लौटे। शेरा ने वापस आते ही सीएम निवास जाकर कमलनाथ से मुलाकात की और उनके प्रति समर्थन जताया। शेरा ने कहा कि मुख्यमंत्री चाहेंगे तो वे जल्द ही मंत्री बनेंगे। एयरपोर्ट में शेरा की अगवानी जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा ने की। ▸▸ शेष पेज 7 पर

### सीएम ने बच्चन की कविता ट्वीट की...अग्निपथ

*कांग्रेस के असंतुष्टों व बागियों की एक्टिविटी से परेशान होकर सीएम कमलनाथ ने हरिवंश राय बच्चन की कविता...अग्निपथ ट्वीट की। जाहिर है उन्होंने बताने की चेष्टा की कि वे एक कठिन वक्त से जूझ रहे हैं, लेकिन इन दुश्वारियों के बाद भी वे अडिग रहेंगे, इन चुनौतियों से पार पा लेंगे।*



सीएम हाउस में मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ निर्दलीय विधायक शेरा परिवार समेत।

### सीएम ने ब्लॉग में कहा

### हनुमान जी भाजपा को मर्यादा, संयम व चरित्रबल दें

*मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को ब्लॉग के जरिए मप्र में पिछले चार-पांच दिन से चल रहे सियासी घटनाक्रम पर पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं कभी कल्पना भी नहीं कर सकता कि सत्ता की लोलुपता भाजपा के नेताओं को इस कदर नैतिक पतन की ओर ले जाएगी कि वे प्रदेश के नागरिकों के प्रजातंत्रीय निर्णय की ही सौदेबाजी करने लगेंगे। सचमुच भाजपा नेताओं के इस अशोभनीय आचरण ने मप्र के गौरवशाली इतिहास और वैभवशाली विरासत को कलंकित करने की कोशिश की है। उन्होंने अपने इष्टदेव हनुमान जी से प्रार्थना करते हुए कहा कि भाजपा को वे मर्यादा, संयम और चरित्रबल दें, ताकि हम सब पक्ष और प्रतिपक्ष मिलकर प्रदेश के विकास के स्वप्न को साकार कर सकें।* ▸▸ पढ़ें पेज 15 भी

### लापता विधायकों की लोकेशन उनके परिजन बताएं: दिग्विजय



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का कहना है कि तीनों विधायकों की लोकेशन उनके परिजन बताएंगे। मंत्रियों के इस्तीफे देने की पेशकश पर दिग्विजय ने कहा कि अभी ऐसी नौबत नहीं है। सरकार पर कोई संकट नहीं है।

### बड़ा सवाल.. शेरा क्या कोई फॉर्मूला लेकर गए?

*निर्दलीय विधायक शेरा भोपाल अचानक क्यों आए और फिर अचानक दिल्ली क्यों चले गए? दिल्ली से वे कहां गए? क्या इन समेत बाकी तीन विधायकों को साधने के लिए कोई फॉर्मूला तैयार किया गया है। जिसे लेने वे भोपाल आए थे और उसे लेकर उन्हीं तीनों विधायकों के पास चले गए। क्योंकि, अब कोई पारिवारिक वजह भी नहीं है। हालांकि, ये सवाल और संभावना है पर पूर्व सीएम दिग्विजय का ये कहना कि तीनों विधायक कहां हैं, ये शेरा से पूछिए, इन तथ्य को बल देता है कि चारों विधायकों के लिए कोई रास्ता तो निकाला गया है। क्योंकि, शेरा ने यूं ही नहीं कहा कि होली से पहले मैं मंत्री बन जाऊंगा?*

### राजनीतिक घड़ी...सुबह से दोपहर

दावा...शेरा का

- सीएम कमलनाथ से मिलकर कहा- 25 साल से कमलनाथ के साथ, होली से पहले बन जाऊंगा मंत्री। बाकी 121 विधायकों को भी मिले अहम जिम्मेदारी
- शेरा को कोई बंधक नहीं बना सकता है। मैं कहीं बंधक नहीं था। मेरे संपर्क में तीनों विधायक नहीं हैं और न ही मेरे साथ वे गए थे। मैं तो पारिवारिक काम से बेंगलुरु में था।

जवाब... सरकार का

- पीसी शर्मा (जनसंपर्क मंत्री) : मंत्रिमंडल का विस्तार बजट सत्र के बाद ही होगा। होली से पहले तो सवाल ही नहीं उठता।
- तरुण भनोट (वित्त मंत्री): शेरा की समस्या का समाधान किया जाएगा पर इसकी कोई समय-सीमा नहीं है। शेरा को बंधक बनाने वालों के खिलाफ हम कार्रवाई करेंगे।

दोपहर

### मेरी पत्नी व दो बच्चों को भी मार दो मैं कांग्रेस में नहीं जाऊंगा: पाठक

- भाजपा विधायक संजय पाठक ने दोपहर में कहा कि सरकार उनको जान से मारना चाहती है। मेरी पत्नी है व दो बच्चे हैं, चाहे तो उन्हें भी मार दें पर मैं कांग्रेस में नहीं जाऊंगा। मेरा भले ही व्यापार तबाह कर दिया जाए, कांग्रेस में नहीं जाऊंगा।

### भाजपा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

और, शाम

- शाम 5 .45 बजे नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल लालजी टंडन से मिला व उनको ज्ञापन सौंपा। इसमें दो बातें कही गईं।

पहली-सरकार राजनीतिक दुर्भावना से सरकार भाजपा, कुछ कांग्रेस व कुछ ▸▸ शेष पेज 7 पर

एमपी10वीं बोर्ड परीक्षा

## आजाद कश्मीर के प्रश्नों पर विवाद, दो निलंबित

**भोपाल।** प्रदेश में 10वीं बोर्ड परीक्षा में शनिवार को सामाजिक विज्ञान का पेपर था। इसमें 'आजाद कश्मीर' को लेकर 2 सवाल पूछे गए हैं। इन सवालों पर विवाद हो गया। विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि भाजपा ने आपत्ति जताते हुए आगर-मालवा में विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला तक फूंक दिया। उधर, मुख्यमंत्री ने प्रश्न पत्र तैयार करने वाले दो अधिकारी को हटा दिया है, इसकी पुष्टि स्कूल शिक्षा मंत्री प्रभुराम चौधरी ने ट्वीट से की है। दरअसल, सामाजिक विज्ञान के पेपर में सही जोड़ी मिलाने वाले प्रश्न-4 में 'आजाद कश्मीर' का विकल्प लिखा है। वहीं, प्रश्न-26 में भारत के मानचित्र में ▸▸ शेष पेज 7 पर



- सीएम ने दो अफसरों पर की कार्रवाई

कल लेगा इस पर फैसला..

## यस बैंक में 49 फीसदी शेयर खरीदेगा एसबीआई

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा कि उनका बैंक यस बैंक की 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने पर विचार कर रहा है। इसको लेकर सोमवार को वो अपना फैसला बता देंगे। उन्होंने कहा यस बैंक को संकट से निकलने के लिए 20,000 करोड़ रुपए की जरूरत है। कैसे मुश्किल से निकालना है इस पर लगातार विमर्श हो रहा है। सोमवार तक इसको लेकर रणनीति तैयार हो जाएगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को भ्रष्टाचार के संदिग्ध यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर से बैंक के हालात पर पूछताछ की। बता दें कि शुक्रवार की रात ईडी ने कपूर के मुंबई स्थित ▸▸ शेष पेज 7 पर



- यस बैंक को 20 हजार करोड़ लगेंगे






## खबर संक्षेप

### बैंक ऋण का आरोपी कालरा भारत पहुंचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई 10 करोड़ रुपए के बैंक ऋण घोटाला मामले में आरोपी सन्नी कालरा को



ओमान के मस्कट से शनिवार को देश लेकर आई। सीबीआई के 2016 में अनुरोध पर इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। व्हाइट टाइगर स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कालरा ने पीएनबी से 10 करोड़ का ऋण लिया था।

### दुबई में सड़क दुर्घटना में भारतीय की मौत

**दुबई।** दुबई में एक सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय भारतीय नागरिक की मौत हो गई और एक अन्य घायल



हो गया। यह घटना तब हुई जब उनकी गाड़ी ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। दुबई पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यह दुर्घटना दुबई में शेख जायद रोड पर शुक्रवार सुबह 5.27 बजे हुई। जिस वैन में वे यात्रा कर रहे थे वह खड़े ट्रक से टकरा गई।

### सुनहरी मस्जिद में 24 साल बाद महिलाएं गईं

**पेशावर।** यहां की ऐतिहासिक सुनहरी मस्जिद के दरवाजे 24 साल बाद महिलाओं के लिए खोले



गए। 1996 के बाद पहली बार शुक्रवार को 15-20 महिलाओं ने नमाज पढ़ी। यह मस्जिद सदर रोड स्थित केंटोनमेंट एरिया में मौजूद है। मस्जिद प्रशासन का कहना है कि ईद की नमाज के लिए भी महिलाओं को अनुमति दी जाएगी। मस्जिद के इमाम ने कहा कि महिला दिवस पर यह फैसला लिया गया है।

# कोरोना पर बढ़ती अफवाहों के बीच गिरिराज बोले- मांस, मछली खाना सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस समय पूरी दुनिया कोरोना वायरस के कहर का सामना कर रही है। माना जा रहा है कि ये चीन के वुहान शहर के सी-फूड बाजार से फैलना शुरू हुआ था और जानवरों से इंसानों में आया है। इस बीच केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन मंत्री गिरिराज सिंह ने लोगों से अपील की है कि कोरोना वायरस को लेकर जो अफवाहें फैल रही हैं, उनसे पॉल्ट्री उद्योग प्रभावित हो रहा है। इससे उद्योग को रोजाना 1,500 से 2,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है।

**खास बातें**

- चीन के वुहान से फैला था यह वायरस
- भारत में भी 34 लोग चपेट में आ गए
- अफवाहों से लोग ज्यादा परेशान हैं

## इस समय पूरी दुनिया वायरस के कहर का कर रही सामना

### पांच करोड़ लोगों की जीविका प्रभावित...

देश के 10 लाख किसानों और इसकी बिक्री से जुड़े वैल्यू चेन में पांच करोड़ लोगों की जीविका पर संकटहै। गिरिराज ने कहा, लोगों में वायरस का खौफ फैल गया है। वैश्विक ओआईई जीव जंतुओं का दुनिया का सबसे बड़ा संगठन और भारत सरकार दोनों ये बता रहे हैं कि जीव जंतुओं का कोरोना वायरस से कोई संबंध नहीं है। लोग मांस, मछली और अंडा खा सकते हैं।



### अमृतसर में दो लोग संक्रमित, देश में अब 34 केस; जम्मू में दो आइसोलेशन में

अमृतसर में दो मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के साथ अब तक 34 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। दोनों ही पॉजिटिव मरीज कुछ दिन पहले इटली से लौटे थे। ये दोनों पंजाब के होशियारपुर के रहने वाले हैं। कोरोना की पुष्टि के बाद दोनों ही मरीजों और उनके परिजन को आइसोलेशन में रखा गया है। पीएम खुद इसकी समीक्षा कर रहे हैं।

### माहवारी को टालने महिलाओं को दी जा रहीं गर्भनिरोधक दवाएं

**पेइचिंग।** कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रहे चीन के तौर तरीकों को लेकर महिला कार्यकर्ताओं के बीच गहरा आक्रोश पैदा हो गया है। वे माहवारी संबंधी प्रॉडक्ट न मिलने, खराब फिटिंग वाले सुरक्षात्मक सूट और सिर मुंडवाने जैसी समस्याओं से जूझ रही हैं।

### ईरान में हाहाकार, एक और सांसद की मौत

**तेहरान।** वुहान से फैले कोरोना का कहर पूरी दुनिया में जारी है। चीन में जहां 3,000 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं, वहीं ईरान भी अब कोरोना की दहशत झेल रहा है। शनिवार को ईरान में कोरोना ने ईरानी सांसद फतेमह रहबर की मौत हो गई। फतेमह की उम्र 55 वर्ष थी। कोरोना का प्रसार 97 देशों तक हो चुका है। इससे संक्रमित लोगों की संख्या 1 लाख को पार कर चुकी है, जबकि इससे मरने वालों की संख्या 3,300 के पार पहुंच चुकी है।

## ग्लोबल बिजनेस समिट में विदेश मंत्री ने सीएए पर दिया करारा जवाब

# दुनिया में ऐसा कोई भी देश नहीं जहां कोई कहे वहां हर व्यक्ति का स्वागत हो रहा: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां ग्लोबल बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कुछ खास बातों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मैं आज इस बात को बहुत विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर आप किसी भारतीय दूतावास में जाते हैं, तो वहां आपका स्वागत ऐसा होगा जिससे कि आप प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगे।

ऐसा इसलिए क्योंकि हम अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक नए मुकाम पर ले जाना चाहते हैं जो पहले नहीं था। जब विदेश मंत्री से पूछा गया कि क्या हम विदेश में अपने दोस्तों को खो रहे हैं? तो उन्होंने कहा कि शायद हमें पता चल रहा है कि वास्तव में हमारे दोस्त कौन हैं? एक ऐसा समय था जब भारत बहुत रक्षात्मक था, हमारी क्षमताएं कम थीं, जोखिम अधिक थे, खतरे ज्यादा थे, इसलिए हमने दुनिया को संभालने की रणनीति अपनाई, लेकिन उससे दूर रहे। हम ऐसा आगे नहीं कर सकते। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। अब दुनिया का स्वरूप बदल गया है। जयशंकर ने कहा कि इस बदलते परिदृश्य में स्वागत पर असर पड़ना स्वाभाविक है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि मैं आज इस बात को बहुत विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर आप किसी भारतीय दूतावास में जाते हैं, तो वहां सत्कार से प्रभावित हो सकते हैं

**खास बातें**

- ग्लोबल बिजनेस समिट को किया संबोधित
- भारत द्विपक्षीय संबंधों को दे रहा नया मुकाम
- भारत को हो रही अब सही मित्रों की पहचान

### हमने शरणार्थियों की संख्या कम करने की कोशिश की...



समिट के दौरान जब जयशंकर से पूछा गया कि क्या भारत सीएए पर स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाया है या गलत समझा जा रहा है। इस पर विदेश मंत्री ने कहा, मीडिया के बाहर भी दुनिया के कुछ वर्ग हैं। मैंने सरकारों से बात की है। मैं ब्रसेल्स में था जहां मैंने एक कमरे में 27 विदेश मंत्रियों के साथ बात की। हम सीएए को लेकर इस नतीजे पर पहुंचे कि यह किसी का मामला नहीं है कि सरकार और संसद के पास नागरिकता की शर्तें निर्धारित करने का कोई अधिकार नहीं है। हमने देश में शरणार्थियों की संख्या कम करने की कोशिश की है। हर कोई नागरिकता को एक संदर्भ में देखता है। मुझे कोई भी ऐसा देश बताइए जो कहता हो कि दुनिया के हर व्यक्ति का वहां स्वागत है।

### भारत को अब असली मित्रों की हो रही पहचान

संशोधित नागरिकता कानून, दिल्ली हिंसा और हथियार डील जैसे विभिन्न मुद्दों पर भारत की आलोचना कर रहे देशों और लोगों को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ा जवाब दिया है। जयशंकर ने साफ कहा कि अब देश को पता चल रहा है कि असल में उसका दोस्त कौन है? विदेश मंत्री ने यह बात ईरान और अमेरिका के कुछ नेताओं को निशाने पर रखकर कही है। जयशंकर से सवाल पूछा गया था कि क्या भारत अपने दोस्त (वैश्विक स्तर पर) खो रहा है?

### खामनेई को भी मिल गया समुचित जवाब

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में हुई हिंसा को लेकर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने बयान दिया था। उन्होंने सीएए को पिछले महीने दिल्ली में हुई हिंसा को धर्म के साथ जोड़ा था। ट्वीट किया था कि भारत में मुस्लिमों के नरसंहार से दुनियाभर के मुस्लिमों का दिल दुखी है। भारत को कट्टर हिंदुओं और उनकी पार्टियों को रोकना चाहिए। भारत इस्लामिक देशों से अलग-थलग न हो जाए।

### देश सीमापार की आतंकवादी गतिविधियों से प्रभावित

विदेश मंत्री से जब कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के निदेशक आपसे (सीएए पर) सहमत नहीं दिखते तो उन्होंने कहा, हो सकता है। वे पहले भी गलत रही हैं। मैंने जम्मू-कश्मीर पर इस संस्था की रिपोर्ट देखी है, जिसमें बहुत ही सावधानीपूर्वक यह बताया गया है कि देश सीमापार की आतंकवादी गतिविधियों की वजह से प्रभावित हो रहा है।

### देश पहले डिफेंस पर था अब बदल रहा तरीका

जयशंकर ने कहा कि पहले भारत डिफेंस पर रहता था। अब चीजें बदली हैं। भारत बदलते परिदृश्य में दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा दिया है। वह विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर खड़ा है। भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द तीसरी होगी। अब देशों के हित जुड़े हैं। भारत ने अपनी बात दुनिया के सामने रखने का तरीका बदला है।

## 'पुलवामा' पर खुलासा

# विस्फोटक बनाने को अमेजन से मंगवाया था केमिकल, 2 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ के जवानों के काफिले पर हुए फिदायीन हमले पर बड़ा खुलासा हुआ है। इसमें इस्तेमाल इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बनाने के लिए केमिकल अमेजन से ऑनलाइन मंगवाया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में वाइज उल इस्लाम और मोहम्मद अब्बास राथेड़ को गिरफ्तार किया है। वाइज श्रीनगर और अब्बास पुलवामा के हाकरीपोरा का रहने वाला है। हमले को लेकर अब तक 5 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी हैं। 3 दिन पहले एनआईए ने हाकरीपोरा से पिता-बेटी को गिरफ्तार किया था। फिदायीन हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे।



### अमेजन से सामान मंगवाकर आतंकियों को दिया

एनआईए प्रवक्ता के मुताबिक वाइज ने कबूला कि उसने अमेजन से केमिकल ऑर्डर किया था। इसी से आईईडी बनाया गया। बैटरी और अन्य सामान भी मंगवाए। इसके लिए जैश के आतंकियों ने निर्देश दिए थे। हमने खुद जैश के आतंकियों को उसे सुपुर्द किया। उसने जैश के आतंकी और आईईडी एक्सपर्ट मोहम्मद उमर को अपने घर में पनाह दी थी। उमर अप्रैल-मई 2018 में कश्मीर आया था। उसने आदिल अहमद डार समीर अहमद डार और कामरान को पनाह दी थी।









## खबर संक्षेप

### मुकेश की याचिका पर 16 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** निर्भया के दोषी मुकेश शर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने मुकेश की याचिका भी खारिज कर दी है।



मुकेश के वकील एमएल शर्मा ने जल्द सुनवाई की गुहार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मांग वाली याचिका को ठुकरा दिया है। याचिका में मांग की गई थी कि मामले की सुनवाई 9 मार्च सोमवार को की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया। शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट 16 मार्च को इस पर सुनवाई करेगा।

### 31 तक फ्लाइट कैंसिल की तो नहीं लगेगा चार्ज

**नई दिल्ली।** बजट विमान कंपनी इंडिगो ने शनिवार को ऐलान किया कि वह 31 मार्च तक फ्लाइट कैंसिलेशन और रिशेड्यूल करने



के लिए अपने ग्राहकों से कोई भी अतिरिक्त चार्ज नहीं लेगा। इंडिगो ने यह फैसला कोरोना वायरस आपदा को ध्यान में रखते हुए लिया है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग पर 12 मार्च से लेकर 13 मार्च के बीच ग्राहकों से कोई कैंसिलेशन फीस नहीं ली जाएगी। कंपनी ने बयान जारी कर यह जानकारी दी।

### जयाप्रदा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**लखनऊ।** रामपुर की अदालत ने बालीवुड अभिनेत्री और भाजपा नेता जयाप्रदा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। यह



वारंट पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित है। अदालत इस मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को करेगी। ज्ञात हो कि सुनवाई के दौरान जयाप्रदा के गैर हाजिर रहने पर अदालत ने वारंट जारी किया है। रामपुर सीट आजम खान और जयाप्रदा के बीच तनातनी चली थी।

**सीबीआई बनाम सीबीआई**- सीबीआई की चार्जशीट पर विशेष कोर्ट ने जताई सहमति

# रिश्वतकांड में अस्थाना को क्लीन चिट जज ने कहा कार्रवाई लायक साक्ष्य नहीं

### *इस फैसले से बढ़ सकती है पूर्व निदेशक आलोक कुमार की मुश्किल*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने शनिवार को रिश्वत कांड में केंद्रीय जांच एजेंसी के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना और डीएसपी देवेंद्र कुमार को क्लीन चिट दे दी है। सीबीआई की ओर से दायर चार्जशीट पर सहमति जताते हुए विशेष जज संजीव अग्रवाल ने कहा कि अस्थाना और कुमार के खिलाफ आगे कार्रवाई के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

अगर भविष्य में जांच में नए तथ्य सामने आते हैं तो हम देखेंगे। अस्थाना को क्लीन चिट मिलने के बाद सीबीआई के पूर्व निदेशक आलोक वर्मा के खिलाफ दुर्भावना और साजिश के तहत अपने ही अधिकारियों के खिलाफ झूठी एफआईआर कराने की जांच हो सकती है। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अब अस्थाना का सीबीआई निदेशक बनने का रास्ता साफ होता दिख रहा है।

**खास बातें**

- साफ होता दिख रहा है अस्थाना के सीबीआई का निदेशक बनने का रास्ता
- आलोक कुमार के खिलाफ शुरु हो सकती है दुर्भावना से रिपोर्ट कराने की जांच



### 13 को पेश हों सोमेश्वर व मित्तल

*जांच एजेंसी ने 11 फरवरी को दायर चार्जशीट में अस्थाना और अन्य आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के सबूत नहीं होने की बात कही थी। कोर्ट ने कहा इस मामले के आरोपी मनोज, उनके भाई सोमेश्वर प्रसाद और ससुर सुनील मित्तल के खिलाफ भी पर्याप्त सबूत नहीं है। अदालत ने सोमेश्वर प्रसाद और मित्तल को 13 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।*

**क्या था मामला?**

राकेश अस्थाना ने अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद ही आरोपों को मनगढंत बताया था। सीबीआई ने अस्थाना को एजेंसी ने अक्टूबर 2018 में गिरफ्तार किया था। एक दिन बाद ही सीबीआई ने दुबई के रहने वाले मनोज प्रसाद और फिर देवेंदर कुमार को भी कस्टडी में ले लिया। आरोप था कि जब अस्थाना मीट कारोबारी मोइन कुरैशी के खिलाफ एक मामले की जांच कर रहे थे, तब उन्होंने हैदराबाद के कारोबारी सतीश साना से 10 करोड़ की रिश्वत मांगी। सीबीआई ने साना की शिकायत पर ही उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। साना का कहना था कि उसने दिसंबर 2017 से 10 महीनों में अस्थाना को रिश्वत दी थी।

### 2018 में गिरफ्तार हुए थे अस्थाना और कुमार

इसके बाद सीबीआई ने अस्थाना और कुमार को अक्टूबर 2018 में गिरफ्तार किया था, बाद में दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया था। दोनों को आरोपी बनाने के पर्याप्त सबूत न मिलने पर इनके नाम चार्जशीट के कॉलम 12 में लिख दिए गए थे। दरअसल, अस्थाना की अगुवाई में एक टीम साना और मीट कारोबारी मुईन कुरैशी के खिलाफ 2017 के एक मामले में जांच कर रही थी। आरोप लगाया गया कि इसी दौरान गिरफ्तारी से बचने के लिए साना ने अस्थाना को रिश्वत दी।

### चर्चा में रहा था सीबीआई पूर्व डायरेक्टर से विवाद

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई में दूसरे नंबर पर तैनात रह चुके राकेश अस्थाना का विवादों से पुराना नाता रहा है। वह इससे पहले भी विवादों में रह चुके हैं। पहले वह सीबीआई के पूर्व डॉयरेक्टर आलोक कुमार से चले लंबे विवाद की वजह से चर्चा में रहे हैं। इसके बाद सीबीआई ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधी कानून के तहत केस दर्ज कर लिया था। बाद में सरकार ने अफसरों का तबादला कर दिया तो मामला कुछ शांत हुआ। इस मामले ने काफी दिनों तक समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों में सुर्खी बना था।

### आरोपों को शुरुआत से ही नकारते रहे हैं अस्थाना

फिलहाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन (बीसीएएस) के प्रमुख अस्थाना अपने ऊपर लगे आरोपों को शुरुआत से ही नकारते रहे हैं। उन्होंने कहा था कि उनके खिलाफ एफआईआर आलोक वर्मा के निर्देश पर दर्ज हुई, क्योंकि उन्होंने आलोक के भ्रष्ट कामों की जानकारी कैबिनेट सेक्रेटरी को दे दी थी। अस्थाना ने भी आलोक वर्मा पर सतीश बाबू साना से 2 करोड़ की रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। बाद में सरकार ने अफसरों का तबादला कर दिया तो मामला कुछ शांत हुआ।

**महिला दिवस पर बनेगा इतिहास...**

## केरल में सीएम की सुरक्षा संभालेंगी महिला कमांडो



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

21वीं सदी की महिलाओं के हौसले बुलंद हैं। दुनिया में देश का मान-सम्मान बढ़ाने में महिलाएं घर की चारदीवारी से निकल सफलता के नए-नए रिकार्ड बना रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर केरल की महिलाएं महिला सशक्तिकरण की एक नई कहानी रचने जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन प्रदेश के सीएम की सुरक्षा में पुरुष कमांडो के बचाए महिला कमांडो को तैनात किया जाएगा। केरल के डीजीपी लोकनाथ बेहरा ने जिले के सभी पुलिस प्रमुखों (एसएचओ) को 8 मार्च के दिन अपनी ड्यूटी महिला पुलिसकर्मियों को सौंपने का निर्देश दिए हैं।

### *पुलिस स्टेशन का काम भी संभालेंगी*

*8 मार्च के दिन अधिकतर पुलिस स्टेशनों को महिला पुलिसकमियों द्वारा चलाया जाएगा। वहीं जिन पुलिस स्टेशनों में महिला एसएचओ नही हैं, उसमें सीनियर पुलिस ऑफिसर अपनी ड्यूटी करेंगे। निर्देश में लिखा है कि महिला एसएचओ ही जनता से रुबरू होकर उनकी परेशानी समझेंगे और खुद जांच करेंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन प्रदेश के सीएम की सुरक्षा में पुरुष कमांडो के बचाए महिला कमांडो को तैनात किया गया है।*

### गेटकीपर से लोको पायलट तक सभी महिला

इसके अलावा प्रदेश मंत्री केके शैलजा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन पहली बार ट्रेन महिलाएं चलाएंगी। 8 मार्च को वेनाड एक्सप्रेस महिला ट्रेन ड्राइवर द्वारा चलाई जाएगी। गेटकीपर से लेकर लॉको पायलेट तक सभी काम महिलाओं द्वारा किया जाएगा। यहां तक कि टिकट बुकिंग काउंटर, पूछताछ केंद्र पर भी महिलाएं विराजमान होंगी।



## स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में 11 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर में शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। इस हादसे में मौत का शिकार हुए सभी लोग मुजफ्फरपुर जिले के हथौड़ी के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि बिहार के मुजफ्फरपुर में कांती पुलिस स्टेशन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर सरमसपुर हेल्थ केयर के सामने शनिवार सुबह स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है।

**बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कॉर्पियो में करीब 14 लोग सवार थे और वे उत्तर प्रदेश की तरफ से आ रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली में भी कुछ लोग सवार थे। मुजफ्फरपुर पहुंचते ही स्कॉर्पियो की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर लोगों का जाम लग गया, जिसे पुलिस ने बड़ी मुश्किल में खुलवा कर यातायात सुचारु किया। पुलिस हादसे में मरने वाले लोगों की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। घायलों में कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है।

### साबरमती से 12 को कांग्रेस की पदयात्रा

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी के जन्म के 150 साल और उनकी



ऐतिहासिक दांडी यात्रा पूरी होने के 90 साल पूरे होने के मौके पर कांग्रेस अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से दांडी तक पदयात्रा निकालेगी। यात्रा 12 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगी।

इसमें कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी आदि नेता शामिल होंगे।

फरारी में सहायता करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

## निलंबित पार्षद ताहिर की पिस्टल-कारतूस जब्त, जांच के लिए भेजे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हिंसा के आरोपी पार्षद ताहिर हुसैन को लेकर दिल्ली पुलिस एक्शन में नजर आ रही है। पुलिस ने ताहिर हुसैन की लाइसेंसी पिस्टल और कई



कारतूस दिल्ली जब्त किए हैं। पिस्टल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, ताकि ये पता लगाया जा सके कि इसी पिस्टल से फायर हुआ था या नहीं। पुलिस ने ताहिर का मोबाइल भी बरामद किया है। ताहिर हुसैन पर हिंसा के दौरान आईबी कॉन्स्टेबल अंकित शर्मा की हत्या का आरोप है। दिल्ली की अदालत ने इस मामले में उसे 7 दिन की पुलिस हिरासत में दे दिया। ताहिर को आश्रय देने वाले तीन लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

### शाहरुख पुलिस कस्टडी में

दिल्ली हिंसा के दौरान पुलिस पर पिस्टल लहराने वाले शाहरुख को 3 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। शाहरुख को शुक्रवार को कड़कड़डूमा कोर्ट के समक्ष पेश किया गया था।

**पीएम मोदी ने दी सलाह...**

## अफवाहों से बचें, लोगों से हाथ मिलाने की जगह नमस्ते कहें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी जन औषधि दिवस पर देश में स्थित 6000 केंद्र संचालकों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए रूबरू हुए। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि यह एक योजना को सेलिब्रेट करने का दिवस नहीं है। यह उन लाखो लोगों से जुड़ने का एक प्रसंग है, जो इस योजना से लाभान्वित हुए हैं।

उन्होंने कोरोना वायरस का भी जिक्र किया और कहा कि आज पूरी दुनिया नमस्ते कर रही है। हाथ मिलाने की जगह नमस्ते करने की आदत डालें। पीएम मोदी ने 6000 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले जाने पर प्रसन्नता व्यक्तकरते हुए कहा कि यह नेटवर्क बढ़ने के साथ लाभार्थियों की संख्या में तेज बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों से दवाएं लेने पर दो-ढाई हजार करोड़ बचे हैं। एक हजार जरूरी दवाओं की कीमत नियंत्रित होने से मरीजों के 12500 करोड़ बचे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार चार सूत्रों पर काम कर रही है।

### महिला ने की भगवान से तुलना, भावुक हुए मोदी

कार्यक्रम में लकवे से पीड़ित महिला दीपा शाह ने कहा 2011 में मुझे लकवा हुआ था, मैं बोल नहीं पाती थी। इलाज काफी महंगा था, जिसकी वजह से घर चलाना तक मुश्किल हो गया था। फिर जेनरिक दवाएं लेना शुरू किया तो पैसा बचा। पहले दवाइयां 5 हजार की आती थीं, अब 1500 की आती हैं। बाकी बचे पैसों से मैं घर चलाती हूं, फल खाती हूं। महिला ने कहा मैंने ईश्वर को नहीं देखा, लेकिन ईश्वर के रूप में मोदी को देखा है। महिला रोने लगी। मोदी भी भावुक हो गए।



# संसदीय मर्यादा को बचाओ



चिंतन
प्रमोद जोशी

संसद विमर्श का फोरम है जिसके साथ विरोध-प्रदर्शन चलता है। पर संसद केवल विरोध प्रदर्शन का मंच नहीं है, बल्कि वह हमारे विमर्श का सर्वोच्च मंच है। 13 मई, 2012 को जब उसके 60 वर्ष पूरे हुए थे, तब उसकी एक विशेष सभा हुई। उस सभा में संसदीय गरिमा को बनाए रखने और कुछ सदस्यों के असंयमित व्यवहार पर चिंता जताई और यह संकल्प किया था कि यह गरिमा बनाए रखेंगे। बहस के दौरान ऐसा मंतव्य व्यक्त किया गया कि हर साल कम से कम 100 बैठकें अवश्य हों। यह संकल्प उसके बाद न जाने कितनी बार टूटा है। जन प्रतिनिधियों को आमने-सामने बैठकर ऐसे प्रश्नों पर विचार करना चाहिए। संसद विमर्श का ऊंचा फोरम है। उसकी मर्यादा व सम्मान बनी रहनी चाहिए।

गुरुवार को कांग्रेस के सात लोकसभा सदस्यों के निलंबन के बाद संसदीय मर्यादा को लेकर बहस एक बार फिर से शुरू हुई है। सातों सदस्यों को सदन का अनादर करने और घोर कदाचार के मामले में सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया है। इस निलंबन को कांग्रेस ने बदले की भावना से उठाया गया कदम करार दिया और दावा किया कि यह फैसला लोकसभा अध्यक्ष का नहीं, बल्कि सरकार का है। जबकि पीठासीन सभापति मीनाक्षी लेखी ने कहा कि कांग्रेस सदस्यों ने अध्यक्षीय पीठ से बलपूर्वक कागज छीने और उछाले। ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण आचरण संसदीय इतिहास में संभवतः पहली बार हुआ है।

कांग्रेस के सदस्य चाहते थे कि दिल्ली-दंगों पर संसद में तुरंत बहस करवाई जाए। लोकसभा अध्यक्ष ने इसे होली बाद करवाने की बात कही तो हंगामा हो गया। बजट सत्र का यह दूसरा हिस्सा है और इसमें विधायी कामकाज काफी ज्यादा होता है। बजट के विभिन्न प्रस्तावों के साथ ही विभिन्न मंत्रालयों की अनुपूरक मांगों को पास इसी दौरान पास किया जाता है। निरंतर व्यवधान की वजह से कामकाज रुका रहा है। अब सरकार प्रस्तावों पर चर्चा को गिलोटिन करने पर विचार कर रही है। इस व्यवस्था के तहत सरकार बिना बहस के ही महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पास करवा सकती है। बगैर चर्चा के प्रस्तावों को पास करवाना और भी दुर्भाग्यपूर्ण ही माना जाएगा।

लोकतांत्रिक गतिविधियों में दो सबसे महत्वपूर्ण कार्य हैं, जिनके कारण यह व्यवस्था सफल है। एक, चुनाव और दूसरे संसदीय कर्म। जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने और देश के सामने उपस्थित सवालों के जवाब खोजने में दोनों की जबरदस्त भूमिका है। दुर्भाग्य से दोनों के सामने सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। चुनाव के दौरान सामाजिक-जीवन की विसंगतियां भड़काई जाने लगी हैं। दूसरी तरफ संसदीय कर्म को भूलकर राजनीतिक दल सड़क छाप हरकतें करने लगे हैं। संसदीय कर्म में



कड़वाहट बढ़ रही है। यह पहला मौका नहीं है, जब सदस्यों का निलंबन हुआ हो या सदन में हंगामा हुआ हो।

यह सब पहली बार नहीं हुआ है और न संसदीय कर्म को लेकर पहली बार सवाल उठे हैं। फरवरी 2014 में पंद्रहवीं लोकसभा के अंतिम दिनों में तेलंगाना राज्य के गठन का विधेयक जिस तरह पास हुआ, उसे हमारे संसदीय इतिहास के सबसे काले दिन के रूप में याद किया जाएगा। इस बिल पर चर्चा से लेकर उसके पारित होने तक की 90 मिनट की प्रक्रिया के दौरान सदन एक तरह से युद्ध का मैदान बन गया। सदन में पैपर स्प्रे का इस्तेमाल हुआ, किसी ने चाकू भी निकाला। इस बिल के खिलाफ लगाए जा रहे नारों के बीच लोकसभा टीवी से लाइव टेलीकास्ट रोक दिया था। ऐसा पहली बार किया गया। इस तरह जनता से छिपाकर यह विधेयक पास हुआ।

गतिरोध भी संसदीय कर्म है। मिर्चे के स्प्रे, चाकू के प्रदर्शन, सदस्यों के निलंबन और लगातार शोर-गुल संसदीय कर्म में गिरावट परिचय दे रहा है। लगता है सदस्यों को उन विधेयकों की फिक्र नहीं है, जिन पर विचार करने के लिए, जनता ने उन्हें भेजा है। कुछ साल पहले कांग्रेस के नेता आनन्द शर्मा ने कहा था, विधेयक हमारी प्राथमिकता नहीं है। देश में जो हो रहा है उसे देखना हमारी प्राथमिकता है। संसदीय लोकतंत्र केवल एक या दो विधेयकों तक सीमित नहीं हो सकता। बेशक अनेक अवसरों पर व्यवधान की सकारात्मक भूमिका होती है। संसद में विरोध दर्ज कराना भी लोकतांत्रिक गतिविधि है। दिल्ली की हिंसा महत्वपूर्ण विषय है। उस पर चर्चा किस तरह से होगी, यह सत्तापक्ष और विपक्ष मिलकर तो तय कर सकते थे।

विरोध व्यक्त करने के तमाम मर्यादित तरीके भी हैं। दिल्ली में हुई हिंसा पर एक अच्छी बहस इसके पीछे के कारणों को समझने में मददगार होती। ऐसा नहीं हुआ। संसदीय-कर्म को लेकर जो सवाल उभरे हैं, वे निराश कर रहे थे। संसदीय गतिरोधों के कारण जनता का विश्वास अपनी व्यवस्था पर से उठ रहा है। सामान्य नागरिक को समझ में नहीं आ रहा है कि इस सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच पर यह सब क्या होने लगा है?

यह भी सच है कि संख्या में कम विपक्ष हंगामे को अपना लोकतांत्रिक अधिकार समझता है। अल्पसंख्या में होने के कारण वह शोर के सहारे अपने अस्तित्व को बनाए रखना चाहता है। पर उसकी भी सीमा होनी चाहिए। सन 2015 में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने जब कांग्रेस के 44 में से 25 सांसदों को निष्कासित करने के लिए, नियम 374ए का उपयोग किया, तब कहा गया था कि यह काफी कड़ा फैसला है। उसके बाद से प्रत्येक सत्र के पहले सर्वदलीय बैठक में कुछ सर्वानुमतियां बनती हैं और फिर वे टूटती रहती हैं। हमें संसदीय व्यवहार के सर्वमान्य नए मानक तय करने चाहिए।

सवाल है कि यह सब क्यों होता है? इसके लिए जिम्मेदार सरकार है या विपक्ष? या समूची राजनीति, जिसे संसदीय कर्म की मर्यादा को लेकर किसी प्रकार की चिंता नहीं है? सदन के संचालन के लिए पीठासीन अधिकारी के पास अधिकार होते हैं। गतिरोध पैदा करने वाले सदस्यों को सदन से बाहर निकालने, उनकी सदस्यता निलंबित करने के अधिकार पीठासीन अधिकारी के पास हैं। हालात काबू से बाहर हो जाएं तो इन अधिकारों का इस्तेमाल होना ही चाहिए। जनता तक गलत संदेश नहीं जाना चाहिए। राजनीति को मजाक बनने से रोकने की जरूरत है।

अंततः संसद विमर्श का फोरम है जिसके साथ विरोध-प्रदर्शन चलता है। पर संसद केवल विरोध प्रदर्शन का मंच नहीं है, बल्कि वह हमारे विमर्श का सर्वोच्च मंच है। 13 मई, 2012 को जब उसके 60 वर्ष पूरे हुए थे, तब उसकी एक विशेष सभा हुई। उस सभा में सांसदों ने आत्म-निरीक्षण किया। उन्होंने संसदीय गरिमा को बनाए रखने और कुछ सदस्यों के असंयमित व्यवहार पर और संसद का समय बर्बाद होने पर चिंता जताई और यह संकल्प किया था कि यह गरिमा बनाए रखेंगे। बहस के दौरान ऐसा मंतव्य व्यक्त किया गया कि हर साल कम से कम 100 बैठकें अवश्य हों। यह संकल्प उसके बाद न जाने कितनी बार टूटा है।

जन प्रतिनिधियों को आमने-सामने बैठकर ऐसे प्रश्नों पर विचार करना चाहिए और कुछ बातों पर आमराय बनानी चाहिए। देश की संसद विमर्श का सबसे ऊंचा फोरम है। उसका एक खास सम्मान है। उसकी मर्यादा और सम्मान बने रहने चाहिए और विमर्श की गुणवत्ता का स्तर भी ऊंचा बना रहना चाहिए। देश की जनता यही चाहती है। इस पर विमर्श होना चाहिए।

# 21वीं सदी महिलाओं की



महिला दिवस
शोभा ओझा

आज विश्व महिला दिवस है, नारी शक्ति के सम्मान का दिन, सदियों से विश्व की इस आधी आबादी को दुनिया की तमाम पुरुष प्रधान सामाजिक व्यवस्थाओं ने कमतर आंकने की कोशिशें करने के साथ ही, उन पर कई तरह के प्रतिबंध भी थोपने के प्रयास किए, मुझे यह कहने में बिल्कुल भी गुरेज नहीं है। मेरा यह भी मानना है कि केवल रस्म अदायगी के लिए किसी दिवस विशेष को मनाने का भी कोई औचित्य नहीं है, जब तक कि उसके पीछे

> इंदिरा गांधी, आंग सान सू की जैसी वैश्विक नेताओं के साथ ही इंदिरा नूयी व किरण मजूमदार शॉ जैसी भारतीय मूल की महिलाओं के ऐसे गौरवशाली उदाहरण हमारे पास मौजूद हैं, जिन्होंने व्यवसाय व प्रबंधन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान और मानदंड स्थापित किए हैं।

बराबरी और सम्मान की कोई परिणाम-मूलक सच्ची भावना न हो। इस महिला दिवस के अवसर पर आज हम नारी शक्ति के उन महान आदर्शों के योगदान के प्रति भी कृतज्ञ हैं, जिन्होंने न केवल वैश्विक प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दिया बल्कि महिलाओं के प्रति पुरातनवादी सोच को भी पूरी तरह से बदल कर रख दिया है, सिरिमाओ भंडारनायके, मार्गरेट थैचर, इंदिरा गांधी, आंग सान सू की जैसी वैश्विक नेताओं के साथ ही इंदिरा नूयी व किरण मजूमदार शॉ जैसी भारतीय मूल की महिलाओं के ऐसे गौरवशाली उदाहरण हमारे पास मौजूद हैं, जिन्होंने व्यवसाय व प्रबंधन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान और मानदंड स्थापित किए हैं। यदि हम भारतीय परिस्थितियों में देखें तो श्रीमती इंदिरा गांधी के रूप में हमें एकमात्र ऐसी प्रधानमंत्री मिलीं, जिन्होंने इस उपमहाद्वीप के इतिहास को ही नहीं बल्कि भूगोल को भी बदल कर रख दिया, क्या दुनिया के इतिहास में ऐसा कोई और उदाहरण है? यही नहीं अपनी आंखों के सामने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे अपने परिजनों की शहादत को देखना और उसके बाद प्रधानमंत्री का पद ठुकराने का माद्दा केवल सोनिया गांधी जैसी बिरली शख्सियत में ही हो सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा 90 के दशक में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का जो प्रयास प्रारंभ हुआ, उस संदर्भ में देश की पूर्ववर्ती यूपीए सरकार ने वर्ष-2010 में, यूपीए की तत्कालीन अध्यक्षा सोनिया गांधी की मंशानुसार, महिला आरक्षण बिल को राज्यसभा में पास करा लिया था लेकिन तत्कालीन विपक्ष (जो अब केंद्र की सत्ता में है) ने अपने सोचे-समझे रणनीतिक विरोध से, उसे लोकसभा में पारित नहीं होने दिया। महिलाओं के प्रति अपनी विचारधारा की उसी पुरानी सोच को कायम रखते हुए, वर्तमान केंद्र सरकार इस बिल के प्रति पूरी तरह से उदासीन नजर आ रही है। सौभाग्य से आज भारतीय समाज में ऐसी कई नायिकाएं मौजूद हैं, जिन्होंने महिलाओं के अरमानों और उनकी उड़ानों को नए पंख दिए हैं। सरोजिनी नायडू, मदर टेरेसा, मृणालिनी साराभाई और पी. टी. ऊषा के गौरवशाली उदाहरणों के बाद एम.सी. मैरीकॉम और गीता फोगट के जीवन और उनके संघर्ष पर बनी फिल्मों ने जहां महिलाओं के मन में एक नए उत्साह का संचार किया है। हमारे सामने आज महिलाओं के कई ऐसे प्रेरणादायी उदाहरण भी मौजूद हैं, जहां दुष्कर्म और ऐसिड अटैक पीड़िताओं ने जिंदगी से हार मानने की बजाय परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अदम्य साहस का परिचय देते हुए, अपनी अलग पहचान भी कायम की है। बदलाव के इस दौर में हम भी देश और दुनिया को यह दिखला दें कि इक्कीसवीं सदी वास्तव में वह सुनहरा युग है, जिसमें महिलाओं की इच्छाशक्ति, साहस, जिजीविषा और कठोर परिश्रम से उनकी उन्नति, तरक्की और नेतृत्व की अनगिनत नई प्रेरणादायक गौरव गाथाएं लिखी जाएंगी।

*(लेखिका कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग की अध्यक्षा भी हैं)*

# अब सिमट रहा धरना



शाहीनबाग
अवधेश कुमार

जो लोग शाहीनबाग धरनास्थल पर नहीं गए उन्हें इस समय एक बार अवश्य जाना चाहिए। वे वाकई हैरत में पड़ जाएंगे। एक समय जिस तथाकथित आंदोलन को 100 वर्षों का सबसे बड़ा आंदोलन का कहा गया वहां अब लगातार लाउडस्पीकार से महिलाओं को आने के लिए अपील करनी पड़ रही है। वहां एक हुटर है जिसके बजाने का संकेत होता है कि आप जल्दी घरों से निकलकर धरनास्थल पर आ जाइए। न लाउडस्पीकार पर की जा रही अपीलों का ज्यादा असर है और न हुटर ही महिलाओं को घरों से निकलने को उतावला कर पा रहा है। मीडिया में छह मार्च को समय महिलाओं की संख्या 20 गिनाई गई तो एक समय 55। इसका सामान्य अर्थ यही है कि पूरे देश को शाहीनबाग बनाने का आह्वान करने वालों के लिए शाहीनबाग के सार्वजनिक संवेग को बनाए रखना ही अब कठिन हो रहा है।

कहने का तात्पर्य यह कि झूठ और फरेब के आधार पर भ्रम एवं गलतफहमी पैदा करके धरना आरंभ किया गया, जिसके लिए लोगों को उकसाया गया, उत्तेजित किया गया। हम नहीं मानते कि भ्रम का जाल तथा भय पूरी तरह खत्म हो गया है, लेकिन इस बीच लगातार मीडिया में बहस से यह तो साफ हुआ है कि नागरिकता संशोधन कानून से किसी की नागरिकता जाने वाली नहीं है। इन सब बातों का कितना असर वहां आने वाली महिलाओं पर हुआ यह कहना जरा कठिन है। किंतु दिल्ली तथा देश को शाहीनबाग बनाने के आह्वान ने दिल्ली में जैसा खून और विध्वंस का दृश्य पैदा किया उसने अगर हमको-आपको हिलाया तो वहां धरना देने वाली महिलाओं के मन पर उसका असर नहीं पड़ा होगा यह नहीं हो सकता। वैसे पुलिस ने उस धरने को अवैध घोषित कर दिया है। वहां के वीडियो की भी जांच हो रही है। खासकर एक मार्च को जितनी संख्या में पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को वहां उतारा गया उससे लगा कि शायद जाफराबाद की तरह उनके खिलाफ भी ऑपरेशन की तैयारी हो गई है। हालांकि पुलिस ने धारा 144 लगाने तथा धरने को अवैध घोषित करने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की। किंतु उसका असर अवश्य हुआ है। पुलिस या कानून की कार्रवाई का भय पैदा होते ही लोग बगल से निकलने लगते हैं। शाहीनबाग में यही हो रहा है। वहां यह भय व्याप्त है कि दिल्ली दंगों के बाद पुलिस वहां के दिखने वाले चेहरों के खिलाफ आज न कल कार्रवाई करेगी। हालांकि धरने का

> जो शाहीनबाग धरनास्थल पर नहीं गए उन्हें अवश्य जाना चाहिए। वहां अब महिलाओं को आने के लिए अपील करनी पड़ रही है। वहां एक हूटर है जिसके बजाने का संकेत होता है कि धरनास्थल पर आ जाइए। न लाउडस्पीकार की अपील का असर है और न हूटर महिलाओं को ला पा रहा है।

सम्मान बचाने के लिए वहां के कई आरडब्लूए सामने आकर कह रहे हैं कि हमने लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए रास्ता खोलने तथा इन्हें अलग बैठने या फिर सप्ताह में कुछ घंटे बैठने के लिए मनाया है। तो ये पहले कहां थे?

सच यह है कि शाहीनबाग में किसी संतुलित और विवेकशील आवाज के लिए कोई गुंजाइश ही नहीं रही है। शर्जिल इमाम उन्हीं में से एक था। बहरहाल, अब शाहीनबाग खत्म हो जाए तो भी इतिहास के अध्याय में यह लिखा जाएगा कि एक धरने ने झूठे दुष्प्रचार से जो भय का माहौल पैदा किया उसने दिल्ली को सांप्रदायिक आग में झोंक दिया। सच यही है कि अगर शाहीनबाग नहीं होता तो दिल्ली का दंगा होता ही नहीं। इस प्रश्न का भी कोई तार्किक और समाधानपरक उत्तर नहीं मिलता कि आखिर एक गैर कानूनी धरने को हटाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की?

# बैंकिंग व्यवस्था पर भरोसा जरूरी



फिलहाल
आलोक पुराणिक

इस आशय की तमाम खबरें तमाम स्त्रोतों से आ रही हैं कि भारतीय बैंकिंग जगत में गहरा संकट है। यस बैंक को लेकर हाल में कुछ ऐसी खबरें आई हैं, जिनसे बैंकिंग जगत में भरोसा हिलने की आशंकाएं बलवती होती हैं। तथ्यों की पड़ताल से साफ होता है कि यह मसला मूलत यस बैंक की स्थिति से जुड़ा है, समग्र बैंकिंग जगत के संकट का इससे कोई ताल्लुक नहीं है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने हाल में यस बैंक के प्रबंधन और कामकाज में दखल करते हुए इसके प्रशासक के तौर पर प्रशांत कुमार को नियुक्त किया है, प्रशांत कुमार स्टेट बैंक आफ इंडिया में वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं। यस बैंक से प्रति अकाउंट 50 हजार रुपये तक की निकासी तय कर दी गई है। कोई मेडिकल इमरजेंसी है या शिक्षा से जुड़ी फीस देनी है या फिर शादी है तो 5 लाख रुपये निकाल सकते हैं। रिजर्व बैंक ने अभी ये लिमिट एक महीने यानी 30 दिन के लिए लगाई है, जो 5 मार्च से 3 अप्रैल तक के लिए है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मुंबई में कहा है कि 30 दिन की जो सीमा तय की गई है उस सीमा में रिजर्व बैंक कुछ ठोस प्रस्ताव लेकर आएगा। अब यह साफ हो गया है कि इस बैंक में स्टेट बैंक आफ इंडिया की भागीदारी होगी। स्टेट बैंक आफ इंडिया यस बैंक में 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी ले सकता है और स्टेट बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि तीन सालों में यस बैंक में स्टेट बैंक की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत से नीचे नहीं जाएगी। यानी आने वाले कम से कम से तीन सालों तक स्टेट बैंक यस बैंक में महत्वपूर्ण भूमिका में रहने वाला है। 26 प्रतिशत पूंजी रखकर स्टेट बैंक यस बैंक के प्रबंधन को पूरे तौर पर प्रभावित करने की स्थिति में रहेगा। स्टेट बैंक करीब 10000 करोड़ रुपये तक की पूंजी का निवेश यस बैंक में कर सकता है। यानी स्टेट बैंक की तरफ से पूंजी का समर्थन यस बैंक को मिलेगा और साथ में स्टेट बैंक की साख का पूरा लाभ यस बैंक को मिलेगा। यस बैंक बतौर बैंक अलग रहेगा, पर स्टेट बैंक इसमें महत्वपूर्ण शेयरधारक की तरह होगा तो यस बैंक की हुई साख एक हद तक वापस आने की उम्मीद है।

बैंक किसी और दूसरे कारोबारों की तरह नहीं होते। बैंक बहुत ही संवेदनशील कारोबारी संस्थान होते हैं, जिनमें जनहित जुड़े होते हैं। उदाहरण के लिए कोई बड़ी स्टील कंपनी बंद हो जाए तो भी कई मामलों में आम पब्लिक पर कोई असर नहीं पड़ता। पर बैंक बंद हो जाए तो पब्लिक की जमाराशि संकट में आ जाती है। इसलिए केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक आफ इंडिया किसी भी बैंक को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने यस बैंक पर प्रेस कांफ्रेंस करके यही बात साफ कही कि हर जमाधारक का हित पूरे तौर पर सुरक्षित है। रिजर्व बैंक ने पहले भी ऐसा कई बार किया है, जब किसी बैंक की स्थिति डांवाडोल हुई है तो उसका इंतजाम ऐसा किया है कि जमाधारकों के हितों पर कभी चोट नहीं हुई, यानी उनकी रकम डूबी नहीं है, कुछ असुविधा जरुर हो सकती है। पर रकम डूबने की आशंका नहीं है।

> जिनकी रकम यस बैंक जमा है उनकी रकम सुरक्षित है, यह भरोसा रखना चाहिए। अगर सारे डिपाजिट धारक स्टेट बैंक आफ इंडिया से डिपाजिट निकालने लग जाएं तो कुछ घंटों में ही स्टेट बैंक भी फेल हो सकता है। तो कुल मसला यह है कि भरोसा बहुत जरुरी है और खास तौर पर रिजर्व बैंक का जो ट्रैक रिकॉर्ड भारत में है, यह भरोसा बहुत आसानी से बनना चाहिए।

रिजर्व बैंक पहले भी इसी तरह की कार्रवाई कर चुका है। ग्लोबल ट्रस्ट बैंक को ओरियंटल बैंक आफ कामर्स में, युनाइटेड वेस्टर्न बैंक को फेडरल बैंक में और बैंक आफ राजस्थान को आईसीआईसीआई बैंक में मिलाया जा चुका है। रिजर्व बैंक का ट्रेक रिकार्ड कम से कम एक मामले में बहुत शानदार रहा है कि रिजर्व बैंक के तहत आने वाली संस्थाओं में डिपाजिटधारियों को कुछ असुविधा भले ही हो जाए पर उनका पैसा देर सवेर मिल ही गया है। सितंबर 2019 को यस बैंक में करीब दो लाख नौ हजार करोड़ रुपये की रकम बतौर डिपाजिट जमा थी। यह रकम कितनी बड़ी है इस बात का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि जीएसटी संग्रह की करीब दो महीनों के बराबर यह रकम है। रकम के सुरक्षित होने की गारंटी है।

यस बैंक एक वक्त भारतीय बैंकिंग जगत में निजी क्षेत्र का बेहतरीन बैंक माना जाता था। दरअसल यह बैंक पारिवारिक कलह, कुप्रबंधन का शिकार हो गया। एक वक्त में इस बैंक की गिनती भारत के निजी क्षेत्र के बेहतरीन बैंकों में होती थी। इससे यह भी साफ होता है कि कुप्रबंधन का ताल्लुक सिर्फ सरकारी बैंकों से ही नहीं है, निजी क्षेत्र के बैंक भी कुप्रबंधन के शिकार हो सकते हैं और होते हैं। यानी बैंकों की गुणवत्ता पर सतत निगरानी की जरुरत है, यह बात भी इससे साफ होती है। बैंकिंग उद्योग बेहद संवेदनशील उद्योगों में से एक है, क्योंकि पब्लिक का पैसा इससे जुड़ा होता है। यस बैंक की बदहाल स्थिति अचानक से नहीं हुई है, इसके पतन की भूमिका बहुत लंबे समय से बन रही थी। रिजर्व बैंक को उम्मीद थी कि कोई रास्ता निकल आएगा। पर कोई रास्ता नहीं निकलने की सूरत में रिजर्व बैंक ने इसका कामकाज अपने हाथ में लिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इसके डिपाजिटधारकों को भविष्य में असुविधा न्यूनतम होगी। पर समझने की बात यह है कि बैंकिंग जगत की नींव भरोसे पर होती है। स्टेट बैंक के तस्वीर में आने से स्थितियां बदल जाती हैं। यस बैंक में तमाम निवेशकों के निवेश की खबरें थीं, पर वो खबरें सच में नहीं बदलीं। स्टेट बैंक के पास वह क्षमता भी है और तर्जुबा भी है कि वह यस बैंक को एक दिशा दे सकता है। बहुत संभव है कि आने वाले चार पांच सालों में यस बैंक स्टेट बैंक के लिए मुनाफे का सौदा साबित हो जाए। बैंकिंग जगत में लाइसेंस हासिल करना बहुत मुश्किल काम है। रिजर्व बैंक आसानी से किसी को रिजर्व बैंक का लाइसेंस नहीं देता। यस बैंक के पास यह लाइसेंस है, स्टेट बैंक का तर्जुबा यस बैंक की स्थिति को बेहतर बनाएगा। पर मूल बात भरोसे की है। जिनकी रकम यस बैंक जमा है उनकी रकम सुरक्षित है, यह भरोसा रखना चाहिए। अगर सारे डिपाजिट धारक स्टेट बैंक आफ इंडिया से डिपाजिट निकालने लग जाएं तो कुछ घंटों में ही स्टेट बैंक भी फेल हो सकता है। तो कुल मसला यह है कि भरोसा बहुत जरुरी है और खास तौर पर रिजर्व बैंक का जो ट्रेक रिकार्ड भारत में है, यह भरोसा बहुत आसानी से बनना चाहिए। रिजर्व के कदमों से डिपाजिट धारकों को असुविधा हो सकती है, पर उनकी रकम डूबने की आशंका नहीं है।

# मां, पत्नी, बेटी या बहन हो- हमारे समाज और परिवार की धुरी है स्त्री



महिला दिवस
मोनिका शर्मा

महिला दिवस को मात्र औपचारिकताओं और शुभकामनाओं तक न समेटते हुए सोचा जाए तो समझते देर नहीं लगती कि महिलाओं का होना, समग्र समाज का मानवीय भाव से पोषित होना है। उनकी मौजूदगी से रिश्तों में सह-अस्तित्व की तासीर कायम है। स्त्रियों के होने से हमारे घरों में भरोसे और संवाद की बुनियाद आज भी पक्की है। अपनों के मन के जुड़ाव की डोर मजबूत है। मां, पत्नी, बेटी या बहन। हर रूप में उनके सवाल और दखल जिन्दगी को दिशाहीन होने बचाते हैं। स्त्रियों के होने से पीढ़ियों से बीच एक पुल बना हुआ है। नई पीढ़ी में संस्कारों और पुरानी पीढ़ी में सुरक्षा के भाव की पोषक महिलाएं ही हैं। सचमुच महिलाएं धुरी बनकर समाज और परिवार की हर कड़ी को जोड़ती हैं। कहना गलत नहीं होगा कि आधी आबादी पर परिवार, समाज और राष्ट्र की जीवन की व्यवस्था टिकी है। जीवन का हर पक्ष बुनियादी रूप से परिवार से जुड़ा होता है। हमारी इसी पारिवारिक व्यवस्था की नींव को मजबूती देकर महिलाएं बहुत कुछ साधती हैं। जीवन को हर मोर्चे पर थामती हैं। संबंधों का गति पाना है। महिलाओं की इस भागीदारी को न तो आंकड़ों में समेटा जा सकता है और न ही किसी पैमाने पर मापा जा सकता है। सामाजिक व्यवस्था में स्त्रियों की भूमिका का फलक बहुत व्यापक है, लेकिन भावनात्मक और व्यावहारिक जीवन की बेहतरी से जुड़ी यह हिस्सेदारी व्यवस्था का आधार है। साथ ही महिलाएं स्वयं सिद्धा भी हैं। दायित्व निर्वहन की इस दौड़ के बावजूद आधी आबादी ने खुद को भी हर मोर्चे पर साबित किया है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक ढांचे में अनगिनत मुश्किलों से जूझते हुए महिलाओं ने विज्ञान और तकनीक की दुनिया से लेकर खेलों के मैदान तक, अपनी अहम भूमिका दर्ज करवाई है। असाधारण गुणों और उपलब्धियों के बावजूद साधारण जीवन जीते हुए अपने परिवेश की खुशहाली और खुद को कामयाब बनाने की जद्दोजहद भारतीय स्त्रियों की पहचान रही है। सुखद है कि समाज को समर्पित जीवन जीते हुए भी वे खुद को साबित कर रही हैं।

आज बिखरते परिवार और रीतती संवेदनाएं कटु सच बन गई हैं। ऐसे में स्त्रियों की भूमिका और अहम हो जाती है। जीवन को बांधना, साधना और संवारना स्त्रियों के ही बस की बात है। खासकर भारतीय महिलाओं की जिजीविषा और हौसला तो अपने आप में मिसाल है। सामाजिक-पारिवारिक रूढ़ियों से लड़कर खुद को साबित करने की बात हो या समाज को जोड़े रखने की रवायत का निर्वहन, महिलाएं जीवन के हर मोर्चे पर मुस्तैद रही हैं। बीते कुछ बरसों में उच्च शिक्षित और कामकाजी महिलाओं की संख्या तेजी से



बढ़ी है। आधी आबादी ने अपनी पुख्ता पहचान बनाई है, लेकिन देखने में यह भी आ रहा है कि परम्पराओं को साधती करियर के मोर्चे पर अपनी काबिलियत साबित करती भारतीय महिलाएं जिजीविषा का जीवंत उदाहरण बनकर उभरी हैं। आज की सजग और शिक्षित स्त्रियां अपनी भूमिका का बाखूबी निर्वहन कर रही हैं, रेखांकित करने योग्य योगदान दे रही हैं। दोहरी भूमिका निभाते हुए भी महिलाएं समाज में नवसृजन- नवनिर्माण कर रही है। यही वजह है कि यह विशेष दिन किसी सराहना के लिए नहीं बल्कि यह याद रखने के लिए है कि स्त्रियों का होना सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था का बने रहना है। तकनीकी गैजेट्स के जाल में भी संवाद का कायम रहना है। तीज-त्योहारों के जरिये घर-परिवार और समाज को जड़ता से दूर रखने का माध्यम है। हालांकि यह दुखद है कि इसी सामाजिक परिवेश की जड़ता सालों से स्त्री जीवन के लिए दंश बनी हुई है। बावजूद इसके यह औरतों के ही मन का माद्दा है कि वह ऐसे समाज को पूरे मान-मनोयोग से सींच रहीं हैं, जिसमें खुद उनके लिए हर कदम पर मुश्किलें, असुरक्षा और असंवेदनशीलता का माहौल है। चिंतनीय यह भी है कि घर-परिवार की धुरी होने के बावजूद महिलाओं का अस्तित्व कई मायनों में हाशिये पर रहा है। भारत ही नहीं दुनियाभर में स्त्रियां अपनी मुकम्मल पहचान पाने का इंतजार कर रही हैं। जबकि समर्थ और सजग स्त्रियां ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करती हैं। ऐसे में जरूरी है कि जिस सामाजिक व्यवस्था की बुनियाद स्त्रियों ने थामी हुई है, वही व्यवस्था उनको सशक्त बनाने में मददगार बने ताकि खुद को साबित करने के संघर्ष में वे अकेली न पड़ें। किसी भी समाज में यहकाम कानून, नीतियों और योजनाओं के भरोसे नहीं हो सकता।



# हेयरस्टाइल बदलने पर देना पड़ा मुआवजा...

**नई दिल्ली।** अभिनेता शेन निगम 'वेयिल' और 'कुर्बानी' के दो निर्माताओं को मुआवजे के रूप में प्रत्येक को 16 लाख रुपए का भुगतान करने पर सहमत हो गए हैं। शेन ने कथित तौर पर बाल कटवाकर 'वेयिल' और 'कुर्बानी' के निर्माण को बाधित किया था। जिसके बाद मेकर्स ने उन पर केस दर्ज कराया था। केरल फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन और मलयालम अभिनेता के बीच हुए समझौते के अनुसार, शेन 18 अप्रैल से पहले इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इसके अलावा, शेन अन्य फिल्मों में तब तक अभिनय नहीं कर सकते जब तक वह इसकी शूटिंग पूरी नहीं कर लेते।

लाइफ Style

# करीना

## ओवर द टॉप एक्टिंग करना मुश्किल

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री करीना कपूर ने करीब 18 साल पुरानी फिल्म कभी खुशी कभी गम को लेकर बड़ा खुलासा किया है। करीना ने 20 साल के अपने फिल्मी करियर से लेकर 14 दिसंबर 2001 को रिलीज हुई फिल्म कभी खुशी कभी गम पर अपने किरदार 'पू' को लेकर अपने दिल की बात की है।

करीना कहा, मुझे लगता है पू का किरदार निभाना आसान नहीं था। रोना और भावुक होना किसी को हंसाने से ज्यादा आसान होता है। वहीं एक मुख्य किरदार होने के साथ ही साथ ओवर द टॉप एक्टिंग करना प्यारा लेकिन मुश्किल होता है। फिल्म कभी खुशी कभी गम में करीना के अलावा अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, शाहरुख खान, काजोल और रितिक रोशन भी मुख्य भूमिका में थे। इसके साथ ही हॉलीवुड फिल्मों में काम करने को लेकर भी करीना ने अपनी बात रखी।

करीना ने कहा, 'हॉलीवुड में काम करने के लिए बहुत सारे धैर्य और साहस की जरूरत होती है। मुझे नहीं लगता, मैं अभी तक उस स्टेज पर पहुंची हूं, जहां मैं ऐसा महसूस कर सकूं कि मुझे हॉलीवुड फिल्म करनी है। फिलहाल मेरी प्राथमिकताएं भी दूसरी हैं। मैंने अभी तक हॉलीवुड जाने का सोचा नहीं है। करीना की आखिरी फिल्म गुड न्यूज थी। फिल्म में करीना के साथ अक्षय कुमार, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ भी नजर आए थे। वहीं करीना की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में अंग्रेजी मीडियम, लाल सिंह चड्ढा और तख्त शामिल है।



## हॉलीवुड मसाला



### रद्द किया अपनी शादी का प्लान

**लॉस एंजिलिस।** सिंगर केटी पेरी और एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम ने अपनी शादी की तारीख को स्थगित कर दिया है। यह फैसला कोरोना वायरस की वजह से लिया है। केटी और ऑरलैंडो जापान में शादी करने वाले थे लेकिन जापान में कोरोना वायरस चल रहा है इसलिए दोनों ने वहां जाना कैंसिल कर दिया है। इस स्टार जोड़ी ने अपनी ग्रैंड वेडिंग के प्लान के बारे में दोबारा सोचा और इसे अगले साल करने का फैसला किया। अब केटी और ऑरलैंडो साल 2021 में शादी करेंगे।



### बीच सड़क केंडल को किया प्रपोज

**लॉस एंजिलिस।** मॉडल केंडल जेनर एक ऐसे 'दीवाने प्रेमी' से टकरा गई जो बीच सड़क पर शादी के लिए प्रपोज कर दिया। इसका एक विडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल विडियो में साफ दिख रहा है कि कार का दरवाजा खुला हुआ है। किनारे जेनर बैठी हैं। युवक घुटनों के बल सड़क पर बैठा प्रपोज करता है। युवक प्रपोज करने के लिए बकायदा सोने की रिंग के साथ पहुंचा था। युवक ने जेनर की कार रोकी और फिर उन्हें शादी के लिए प्रपोज कर दिया। एक पल के लिए तो जेनर को कुछ समझ ही नहीं आया। वह बस मुस्कराती रहीं। हालांकि थोड़ी देर में वह नॉर्मल हुईं और फिर युवक से बातचीत भी की।



## दोस्ती के बीच इगो नहीं आता ...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अपने को भाग्यशाली मानती हैं कि शाहरुख खान, रितिक रोशन, अक्षय कुमार और सलमान खान जैसे बड़े सितारे उनके मित्र हैं। वह इन सभी का सम्मान करती हैं और मित्रता के बीच इगो नहीं आता। मैं उनसे किसी भी समय बात कर सकती हूं। मैं उनका सम्मान करती हूं और जब आप किसी का सम्मान करते हैं, तो उस बीच इगो नहीं आता। अपने बारे में इस धारणा की वह कभी परवाह नहीं करतीं कि वह एक ब्लॉकबस्टर स्टार हैं लेकिन एक बड़ी अभिनेत्री नहीं हैं। मेरा फोकस एक स्टार बनने पर था। मैं चाहती थी कि लोग मुझे प्यार करें और मुझे देखें। मुझे इस पर विचार करने की जरूरत नहीं कि आपने मेरे इगो को क्यों चोट पहुंचाई। वह आपकी समस्या है। अपमान अलग चीज है। आपको उठ खड़ा होना चाहिए और उसे बचाना चाहिए।



## भाई के साथ खत्म हुए कारोबारी रिश्ते

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का काम अब उनके भाई शमास नवाब सिद्दीकी नहीं देखेंगे। दोनों के कारोबारी रिश्ते खत्म हो चुके हैं। इस बात की पुष्टि नवाजुद्दीन के आधिकारिक प्रवक्ता ने भी कर दी है। इंडस्ट्री में सुबह से ही इस बात की सुगबुगाहट चल रही थी कि नवाज और शमास के रास्ते अलग हो चुके हैं। दोनों भाइयों के बीच कड़वाहट एक फिल्म को लेकर पैदा हुई है जिसे नवाज के भाई शमास निर्देशित करना चाहते थे। नवाज को लेकर शमास की एक फिल्म बोले चूड़ियां भी निर्माणाधीन है। इस नई फिल्म का नाम 'चलता पुर्जा' बताया जा रहा है और इसके लिए नवाजुद्दीन तैयार नहीं हुए। दोनों में इसी बात को लेकर कई बार कहा सुनी होने की बात भी सामने आई है। दोनों ही भाइयों ने मिलकर यह फैसला लिया कि भविष्य में दोनों के रास्ते अलग-अलग रहेंगे।

## पेज एक का शेष

### महिला दिवस पर...

मुकाबले में पहुंची है। टीम खिताब जीतकर इतिहास रचने से बस एक कदम दूर हैं। कमाल की बात ये है कि आठ मार्च को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का जन्मदिन है। अब विश्व क्रिकेट इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब आइसीसी के फाइनल मुकाबले के दिन किसी कप्तान का जन्मदिन होगा। वर्ल्ड क्रिकेट इतिहास में पहली बार होगा कि किसी कप्तान के बर्थडे वाले दिन कोई फाइनल मैच खेला जाएगा। इसे हरमनप्रीत की किस्मत ही कह सकते हैं कि वो इस दुर्लभ रिकॉर्ड को अपने नाम करने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बन गईं हैं।

### महिलाएं संभालेंगी

को पीएम मोदी का सोशल मीडिया अकाउंट संभालने का मौका मिलेगा। इसमें ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम अकाउंट को कोई भी महिला संभालेगी और महिला दिवस के दिन पूरा संचालन वहीं करेंगी।

### शेरा आए और गए...

**विधायकों से वन टू वन बात... सावधान रहें:** मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री निवास में पार्टी के अधिकांश विधायकों से वन टू वन बातचीत की। विधायकों को शुक्रवार को ही भोपाल आने का संदेश भेज दिया गया था। विधायकों से कहा गया है कि वे सतर्क व सावधान रहें। खुद के साथ अन्य विधायकों को भी एकजुट रखें। विधायकों से साथ मंत्रियों से भी यह बात कही गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं से कोई प्रलोभन आता है तो इसकी जानकारी तत्काल दें।

**बंदर की तरह उछलता है शेरा: गोविंद:** वरिष्ठ मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा पर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि शेरा बंदर की तरह इधर-उधर उछलता रहता है। उन्होंने कहा कि शेरा तो महामहिम हैं, उन्हें कौन रोक सकता है। उन्होंने पूछा कि शेरा बताएं कि उन्हें किस दल के लोगों ने रोका था। डॉ. सिंह ने कहा कि शेरा अगर गीदड़ बन जाए तो ये मप्र के लिए शर्मनाक बात है। दरअसल, शेरा ने कहा था कि उनको बेंगलुरु में अज्ञात लोगों ने रोकने का प्रयास किया। सिंह ने कहा कि यदि वे रोकने वालों का नाम बताएंगे तो कार्रवाई की जाएगी।

**गोविंद ने कहा कि सरकार बचाने के लिए वे मंत्री पद छोड़ने को तैयार:** मंत्री डॉ. गोविंद सिंह का कहना है कि वे सरकार बचाने के लिए कुछ भी त्याग करने के लिए तैयार हैं। वे मंत्री पद भी छोड़ने को तैयार हैं। मंत्री हर्ष यादव ने भी पार्टी के लिए मंत्री पद छोड़ने की बात कही है।

### भाजपा ने ...

**निर्दलीय विधायकों को धमका रही है, परेशान कर रही है। इस पर फौरन रोक लगे।**

**दूसरी- सरकार अपने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शासकीय विमानों व हेलीकॉप्टरों का दुरुपयोग कर रही है।**

### आजाद कश्मीर...

'आजाद कश्मीर' दर्शाने के लिए कहा गया है।

**शिक्षक नितिन और व्याख्याता रजनीशी निलंबित:** लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त ने पेपर सेट करने वाले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायसेन के शिक्षक नितिन सिंह जाट और प्रश्न को मॉडरेट करने वाले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदुखेड़ा (नरसिंहपुर) के व्याख्याता रजनीश जैन को निलंबित कर दिया है। साथ ही इस लापरवाही को लेकर नोटिस जारी किया है। वहीं सामाजिक विज्ञान के प्रश्न क्रमांक 4 और 26 को निरस्त कर दिया गया है, ये दोनों ही प्रश्न-पत्र पांच-पांच अंक के थे। अब सामाजिक विज्ञान पेपर का मूल्यांकन 100 अंक का न होकर 90 अंक के आधार पर किया जाएगा।

### यस बैंक में 49...

आवास पर छापेमारी की थी और मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। राणा कपूर ने एक चैनल से कहा कि, मैं बैंक का संस्थापक था, लेकिन पिछले 13 महीने में जो कुछ भी हुआ, उसमें मेरी कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने 4 महीने से लंदन में रहने को लेकर कहा, बेटी के इलाज के लिए गया था। मुंबई लौट आया हूं।

## ज्यादा वक्त तक नहीं कर पाएंगे एक्शन फिल्म

*एक्टर अक्षय कुमार का कहना है, वह बहुत ज्यादा वक्त तक एक्शन फिल्मों में काम नहीं कर सकेंगे। अक्षय ने कहा, मेरे लिए स्टंट करना ऐसा ही होता है जैसे कि कोई बच्चा डिज्नीलैंड जाए। मुझे स्टंट करना पसंद है।*

**मुंबई।** यह सारे स्टंट रियल हैं न कि ऐसा कि कोई वीएफएक्स वाला कंप्यूटर पर बैठकर किसी को हीरो बना दे।



मैं आने वाले 4-5 सालों तक और ऐक्शन कर सकता हूं। उसके बाद मेरी उम्र मुझे स्टंट करने की इजाजत नहीं देगी। अक्षय ने 'सूर्यवंशी' के खास तैयारी के बारे में कहा, मैंने अपना वजन 8-9 किलोग्राम कम किया था क्योंकि मुझे ऐंटी-टेरर स्क्वॉड के अधिकारी जैसा दिखना था।। अक्षय 'सूर्यवंशी' के बाद फिल्म 'लक्ष्मी बम' में कियारा आडवाणी के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा वह धनुष और सारा अली खान के साथ 'अतरंगी रे' में और फिल्म 'बच्चन पांडे' में काम कर रहे हैं।



## रणवीर ने उठाई वर्ल्ड कप ट्रॉफी

नई दिल्ली। एक्टर रणवीर सिंह की फिल्म '83' का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। यह पोस्टर अब तक के रिलीज हुए सभी पोस्टर्स में से सबसे अलग है। इस पोस्टर में रणवीर विश्व कप ट्रॉफी को अपने हाथ में थामे हुए नजर आ रहे है। रणवीर ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, दिस इस 83। कबीर खान फिल्म्स प्रोडक्शन की '83' रिलायंस एंटरटेनमेंट और फैंटम फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत है। फिल्म में दीपिका पादुकोण, कबीर खान, विष्णु वर्धन इंदुरी, साजिद नाडियाडवाला, फैंटम फिल्म्स, रिलायंस एंटरटेनमेंट और 83 फिल्म लिमिटेड द्वारा निर्मित है।

## म्यूजिक थेरेपी उबारता है स्ट्रोक के खतरे से

**वाशिंगटन।** स्ट्रोक से उबरने में म्यूजिक थेरेपी की भी भूमिका पाई गई है। एक नए अध्ययन में कहा गया है कि स्ट्रोक का सामना करने वाले पीड़ितों पर म्यूजिक थेरेपी का सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इससे उनका मूड भी बेहतर हो सकता है।



ब्रिटेन की एंग्लिया रस्किन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार, यह निष्कर्ष स्ट्रोक रोगियों को म्यूजिक थेरेपी दिए जाने की व्यावहारिकता को लेकर बड़े पैमाने पर किए गए शोध के आधार पर निकाला गया है। शोध में 177 रोगियों ने दो साल तक न्यूरोलॉजिक म्यूजिक थेरेपी (एनएमटी) में हिस्सा लिया था। इसमें पाया गया कि थेरेपी में कीबोर्ड, ड्रम और हाथ से बजने वाले वाद्य यंत्रों को शामिल किए जाने से रोगियों को हाथों और अंगुलियों को दुरुस्त करने में मदद मिल सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है एनएमटी की मदद से खराब मूड से भी उबरा जा सकता है। यह समस्या स्ट्रोक रोगियों में आम होती है।

# भारतीय महिलाओं की अद्भुत कहानियां दिखाएगा 'उम्मीद इंडिया'

क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग अपने पहले टीवी शो 'उम्मीद इंडिया' एपिक चैनल पर लेकर आ रहे हैं। यह धारावाहिक महिला सशक्ति करण पर रोशनी डालेंगे। इनमें साहस और प्रेरणादायक भारतीय महिलाओं की अद्भुत कहानियां हैं, जिन्होंने राजनीति, खेल, सशस्त्रबलों, विज्ञान आदि के क्षेत्र में असाधारण भूमिका निभाई है। सुबह 11.30 बजे से चैनल उम्मीद इंडिया के साथ पेहली रूपा बुटीक और कई शो प्रसारित करेगा।



**मुंबई।** इस शो में विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, दुतीचंद, अनुरानी और अयोनिका पॉल के जीवन पर आधारित एपिसोड दिखाए जाएंगे। छोटे से गांव से शुरू होने वाली इन महिला खिलाड़ियों के आंखों में गोल्ड मैडल जीतने का सपना है। सहवाग उनके ट्रेनिंग बेस में जाएंगे, वह वहां उनके परिवार वालों से मिलेंगे और उन का इंटरव्यू भी करेंगे।

### विनेश फोगाट

यह नाम भारत में किसी पहचान का मोहताज नहीं है। फोगाट बहनों की कहानी हिम्मत और साहस की कहानी है। जब विनेश 7 साल की थीं। तब उनके चाचा महावीर फोगाट ने उनका कुश्ती से परिचय कराया था। विनेश ने 2014 कॉमन वेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था।

### साक्षी मलिक

हरियाणा की साक्षी मलिक ने रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक जीता था। पांचवे एपिसोड में सहवाग साक्षी की कहानी बताएंगे

### अयोनिका पॉल



अयोनिका पॉल की नजर ओलंपिक गोल्ड पर है। उन्होंने एयर राइफल शूटिंग की शुरुआत शौकिया तौर पर की थी। लेकिन यह बाद में उनका प्रोफेशन बन गया। अयोनिका के ओलंपियन बनने की कहानी दिखाएंगे।

### अनुरानी



अनुरानी एक रूढ़िवादी परिवार से ताल्लुक रखती हैं, लेकिन उन्होंने अपने पिता को भाला फेंक खेल में भाग लेने के लिए मनाया और एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियंस में क्वालीफाई करने वालीं पहली भारतीय महिला बनी। अनुरानी के जीवन के संघर्ष से लोगों को अवगत कराएंगे।

### अनुरानी के साथ उम्मीद इंडिया

**दुतीचंद :** उड़ीसा की महिला धावक और नेशनल चैंपियन दुतीचंद दुती को उन की बहन सरस्वती चंद ने धावक बनने की प्रेरणा दी। 2014 में करियर में आए रुकावट के बाद भी दुती रुकी नहीं और आगे बढ़ती रहीं। दुती की प्रोफेशनल धावक बनने की कहानी दर्शकों को बताएंगे।



**पहेली में मिलेंगे :** हरिता कौर देओल- भारतीय वायु सेना में एकल उड़ान भरने वाली पहली महिला पायलट, सुरेखा यादव- भारतीय रेलवे की भारत की पहली महिला लोको पायलट, ट्रेन ड्राइवर, रानी चेन्नम्मा– भारतीय क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, जिन्होंने 1824 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ एक सशस्त्र बल का नेतृत्व किया, रजिया सुल्तान– दक्षिण एशिया की पहली महिला मुस्लिम शासक, और ऐसी ही कई और वीरांगनाओं से।

## खबर संक्षेप

### जेडीयू का पोस्टर, परिवार मांगे विशेष कैदी का दर्जा



**पटना।** बिहार में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। जेडीयू और आरजेडी के बीच जुबानी जंग और पोस्टर वार जारी है। आईटीचौराहा पर जेडीयू ने पोस्टर लगा राजद पर निशाना साधा है। इसमें लिखा है जेडीयू बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांग रहा है, दूसरी तरफ लिखा, राजद लालू प्रसाद के लिए विशेष कैदी का दर्जा मांग रहा।

### मैक्सिको में पुलिस मुठभेड़ में नौ की मौत



**गुआदलजारा।** पश्चिमी मैक्सिको में एक आपराधिक गिरोह और संदिग्ध अपहरण के एक मामले की जांच कर रहे एजेंटों (पुलिसकर्मियों) के बीच हुई मुठभेड़ में नौ लोगों की मौत हो गई। सरकारी अभियोजक कार्यालय के अनुसार मृतकों में दो अधिकारी और छह बंधक शामिल हैं। इन छह लोगों को जलिस्को के ट्लाकेपाक में घर में बंदी बनाकर रखा गया था।

### चीन में इमारत गिरी 70 लोग मलबे में दबे



**बीजिंग।** चीन के क्वांझू शहर में शनिवार को एक होटल की इमारत गिर गई, जिसमें करीब 70 लोग दब गए। फुजियान प्रांत में यह होटल है। 80 कमरों वाले इस होटल की इमारत गिरने के बाद राहत और बचाव कार्य के दौरान करीब 23 लोगों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हादसा स्थानीय समयानुसार शाम करीब साढ़े सात बजे हुआ और बचाव एवं राहत कार्य अभी भी जारी है।

### तख्तापलट की साजिश शाही परिवार के 3 'बंद'



**रियाद।** सऊदी अरब में शाही परिवार के 3 सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। तीनों पर सत्ता के लिए साजिश रचने का आरोप है। इनमें किंग सलमान के भाई प्रिंस अहमद बिन अब्दुल अजीज अल सऊद और भतीजा प्रिंस मोहम्मद बिन नाएफ शामिल हैं। रॉयल गार्ड ने तीनों की गिरफ्तारी उनके घर से की है। गिरफ्तारी की कार्रवाई क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के आदेश पर हुई।

### सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा को उम्रकैद किया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक हत्यारे की मौत की सजा को माफ करते हुए इसे आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया है। हत्यारे ने 9 साल पहले 3 बच्चों की हत्या की थी। इसके लिए उसे फांसी की सजा सुनाई गई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने उम्रकैद में तब्दील कर दिया है। जस्टिस यूयू ललित, इंदिरा बनर्जी और एमआर शाह की बेंच ने ट्रायल कोर्ट और छग हाईकोर्ट ने मनोज सूर्यवंशी को सजा सुनाई है।

### बीपीसीएल बेचने के लिए बोली आमंत्रित की गई



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश की बड़ी पेट्रोलियम कंपनी बीपीसीएल को बेचने के लिए सरकार ने बोलियां आमंत्रित की हैं। सरकार कंपनी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचना चाहती है। मौजूदा समय में सरकार की कंपनी 52.98 फीसदी हिस्सेदारी है। बीपीसीएल के पास 15,177 पेट्रोल पंप और 6,011 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूशन एजेंसियां हैं। साथ ही 51 पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) बॉटलिंग संयंत्र भी हैं।

# खेलो इंडिया खेलो विंटर गेम का पहली बार गुलमर्ग में आगाज






**केंद्रीय खेल मंत्री का स्वागत करते आयोजनकर्ता**

*खेलो इंडिया खेलो के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजु का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रीय एकता शिविर में आकर काफी खुश हूं। अलग-अलग राज्यों से आया लोग कश्मीर के युवाओं से मिल रहे हैं। यह देखकर काफी अच्छा लग रहा है। रात में मशाल की रोशनी में स्कीइंग हुई। खेलो इंडिया खेलो के उद्घाटन अवसर पर पारंपरिक नृत्य करते कलाकार।*

**गुलमर्ग।** उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में शनिवार से खेलो इंडिया खेलो विंटर गेम का आगाज हुआ। यह खेल यहां 11 मार्च तक चलेगा। इस इवेंट में देशभर के 800 से अधिक खिलाड़ी उतरेंगे। इसमें स्नो स्कीइंग, स्नो बोर्डिंग, स्की माउंटेनियरिंग, आइस स्टॉक, स्नो रग्बी और स्नो बेसबॉल सहित 30 इवेंट होंगे। हिमालयन रीजन के खिलाड़ियों के लिए यह अपनी तरह का देश में होने वाला पहला बड़ा इवेंट है। इस तरह के आयोजन से विंटर गेम्स को लेकर एक माहौल बनेगा। हर चार साल पर विंटर ओलिंपिक का भी आयोजन होता है।



## अयोध्या में राम मंदिर: गर्भ गृह से 150 मीटर दूर होगा अस्थाई मंदिर

# 24 मार्च को तंबू से निकलकर फाइबर के मंदिर में विराजित होंगे रामलला

*केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र का गठन किया था, मंदिर निर्माण विभाग का प्रमुख बनने के बाद नृपेंद्र मिश्रा ने अयोध्या दौरा किया था, मंदिर निर्माण ट्रस्ट की बैठक में लिया गया इस संबंध में फैसला*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र का गठन किया था।

ट्रस्ट के मंदिर निर्माण विभाग के प्रमुख और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव रह चुके नृपेंद्र मिश्रा 20 फरवरी को अयोध्या पहुंचे थे। मंदिर निर्माण विभाग का प्रमुख बनने के बाद नृपेंद्र मिश्रा का यह पहला अयोध्या दौरा था।

इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की थी। नृपेंद्र मिश्रा के दौरे के बाद से ही मंदिर निर्माण की तिथि को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा मंदिर निर्माण के लिए रामलला को 24 मार्च के दिन भोर में रामलला को टेंट से अस्थाई मंदिर में शिफ्ट किए जाएंगे इसके 10 दिन बाद 4 अप्रैल को ट्रस्ट की बैठक बुलाई गई है। बताया जाता है कि मंदिर के निर्माण के लिए इसका पूरा खाका तैयार कर लिय गया है। यह बुलेट प्रूफ होगा।

**खास बातें**

- ट्रस्ट के प्रमुख ने 20 फरवरी को किया था मंदिर का दौरा
- दौरे और सीएम योगी से मिलने के बाद से ही लग रही थी अटकलें
- चंपत ने कहा इसके बाद होगी बैठक



**मंदिर बनने तक अस्थाई निवास में रहेंगे**



*ट्रस्ट के महासचिव राय ने कहा कि ट्रस्ट की यह बैठक अयोध्या में ही होगी। गौरतलब है कि जन्मभूमि को लेकर विवाद के कारण रामलला टेंट में विराजमान हैं। मंदिर निर्माण के लिए उन्हें वर्तमान स्थल से 150 मीटर दूर अस्थाई मंदिर का निर्माण कर वहां शिफ्ट किया जाना है। रामलला को दर्शन-पूजन के लिए तब तक अस्थाई मंदिर में रखा जाएगा, जब तक भव्य मंदिर का निर्माण पूरा नहीं हो जाता।*

### बुलेट प्रूफ होगा अस्थाई मंदिर

बताया जाता है कि अस्थाई मंदिर का खाका तैयार है। गर्भ गृह से 150 मीटर दूर बनने वाला यह अस्थाई मंदिर पूरी तरह से बुलेट प्रूफ हो सकता है। इसका निर्माण फाइबर से होगा। बता दें कि रामलला को टेंट से बाहर लाने का निर्णय ट्रस्ट की दिल्ली में हुई पहली बैठक में लिया गया था। राय ने कहा, मंदिर का निर्माण और इसको राम मंदिर परिसर में स्थापित करने का काम सुरक्षा एजेंसी के ऊपर है। वह समय से फाइबर मंदिर बनवा कर यहां स्थापित कर देगी। ट्रस्ट के अयोध्या कार्यालय का भवन भी निश्चित कर लिया गया है, जो राम मंदिर के प्रवेश द्वार के चेकिंग पॉइंट के बगल में ही स्थित है। इसको भी पूरी तरह से व्यवस्थित किया जाएगा।

### 4 अप्रैल को होगी ट्रस्ट की बैठक

इसके साथ ही ट्रस्ट की बैठक की तारीख भी तय हो गई है। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अगली बैठक 4 अप्रैल को अयोध्या में होगी। चंपत राय ने बताया कि इस बैठक के सिलसिले में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की 4 अप्रैल को होने वाली बैठक में राम जन्मभूमि मंदिर के भूमि पूजन तथा इसके निर्माण से संबंधित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद निर्णय होंगे। राय ने बताया कि परिसर में कार्य संतोषजनक और प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के अयोध्या कार्यालय का भवन भी निश्चित कर लिया गया है जोकि राम मंदिर के प्रवेश द्वार के चेक पॉइंट के बगल ही स्थित है। इसको भी पूरी तरह से व्यवस्थित किया जाएगा।।

## बाबरी विध्वंस मामला

# आडवाणी, जोशी, कल्याण समेत 33 आरोपी तलब

एजेंसी ▸▸ लखनऊ





अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढांचा गिराए जाने के मामले में लखनऊ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने लालकृष्ण आडवाणी समेत 33 आरोपियों को जवाब-तलब किया है।

इससे पहले सीबीआई के आखिरी और मामले के 294वें गवाह एम नारायणन की गवाही शुक्रवार को पूरी हुई। ज्ञात हो कि 6 दिसंबर 1992 को राम जन्मभूमि थाने के थानाध्यक्ष प्रियंवदा नाथ शुक्ला और राम जन्मभूमि पुलिस चौकी प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी ने सैकड़ों कारसेवकों के खिलाफ बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### सीबीआई की कार्रवाई

मीडिया और अन्य लोगों की तरफ से इस मामले में करीब 48 एफआईआर दर्ज हुई थी। मामले की जांच पहले स्थानीय पुलिस फिर सीबीसीआईडी और उसके बाद सीबीआई ने की। 31 मई 2017 को सीबीआई ने इस मामले में 49 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इन 49 आरोपियों में से फिलहाल 33 आरोपी ही जिंदा हैं, जबकि अशोक सिंघल, बालासाहेब ठाकरे, महंत अवैद्यनाथ समेत 16 आरोपियों की मौत हो चुकी है। सीबीआई स्पेशल जज अयोध्या प्रकरण एस के यादव ने सीआरपीसी 313 के तहत आरोपियों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं।

### फिर से बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू

लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, उमा भारती, साध्वी ऋतम्भरा समेत 33 लोग इस मामले में आरोपी है। सीआरपीसी 313 के तहत आरोपियों के बयान दर्ज करने की प्रकिया शुक्रवार से शुरू हो चुकी है। सीबीआई ने अभियोजन पक्ष की ओर से इस मामले में 294 गवाहों के बयान दर्ज करवाए हैं। आरोपियों के बयान शुरू होने के साथ ही यह मामला अपने फैसले की तरफ बढ़ जाएगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 19 अप्रैल 2017 से निचली अदालत को दो साल में सुनवाई पूरी करने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने 19 जुलाई 2019 को फिर निर्देश दिया कि इस मामले में नौ महीने में फैसला सुना दिया जाए। सीबीआई ने बाबरी मस्जिद को ढहाने के मामले की जांच अपने हाथ में ली थी, जिसमें नफरत भरे भाषण देने को लेकर लालकृष्ण आडवाणी, अशोक सिंघल, विनय कटियार, उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा, मुरली मनोहर जोशी, गिरिराज किशोर और विष्णु हरि डालमिया के खिलाफ मामला दर्ज हैं।

## कुछ कर गुजरने का जूनून...



**चेन्नई।** चेन्नई स्थित आफीसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड में शनिवार को उत्साह प्रदर्शित करती महिला कैडेट्स। इनका उत्साह गजब दिखाई दे रहा था।

## मुंबई और बेंगलुरु एयरपोर्ट

# 13 कंडोम में भरकर गुप्तांग में छिपाई कोकीन, 2 धराए



**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट और बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक पुरुष और एक महिला तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। इन्होंने अपने-अपने गुप्तांगों में करोड़ों के ड्रग्स छिपा रखे थे। ड्रग्स छिपाने का तरीका भी बेहद नायाब था। हालांकि इनका तरीका काम नहीं आया और एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारियों ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल पर ब्राजील के साओ पाउलो से आए एक विदेशी शख्स को गिरफ्तार किया है। उसने कई कंडोम के अंदर कोकेन भर रखे थे।

### ब्राजील से यहां आए थे दोनों तस्कर

ब्राजील से आए इस पुरुष ने कोकीन से भरे इन कंडोम्स को अपने गुप्तांगों में छिपा रखे थे। सुरक्षा अधिकारियों ने उसके अंगों से कुल 13 कंडोम निकाले। इनमें 312 ग्राम कोकीन भरा था। ये तस्कर ब्राजील से यहां आए थे।

# महिलाओं और बच्चों को पूरे वर्ष जागरूक करेगा एनसीडब्ल्यू

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुरू की पहल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

8 मार्च को देश-दुनिया में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को देखते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने बच्चों और महिलाओं को जागरूक करने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसमें स्कूली बच्चों के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन के साथ मिलकर शुरू किए गए एक व्यापक लैंगिग जागरुकता कार्यक्रम के जरिए एक बुकलेट तैयार की गई है। इसमें महिलाओं से जुड़े सभी जरूरी कानूनों के अलावा विशेषज्ञ समिति से जेंडर सेंसटाइजेशन को लेकर जरूरी सामग्री को भी शामिल किया गया है।

### पूरे वर्ष चलेंगे अभियान

एनसीडब्ल्यू के मुताबिक देश में बड़े पैमाने पर लोगों से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म हेलो के साथ भागीदारी की है। हेलो महिला जागरुकता और लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने वाला एक बड़ा प्लेटफार्म है। इसकी मदद से इस पूरे वर्ष महिलाओं के लिए कई प्रकार के अभियान लांच किए जाएंगे। जिनकी शुरुआत रविवार से होगी। इस वर्ष के लिए थीम 'हैशटेग ईच फॉर इकूवल' रखी गई है। इसमें भारत में महिला अधिकारों के मुद्दे को भी शामिल किया जाएगा। एक अन्य अभियान जिसकी थीम हैशटैग विमेंस राइट्स मेटर का भी आगाज किया जाएगा। यह बड़े पैमाने पर युवा बच्चों और महिलाओं को अपनी प्रेरणादायी कहानियों को दूसरों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित करेगी।



## जलवायु परिवर्तन पर अपनी मांग अनसुनी करने से नाराज हैं 8 साल की कंगुजम

# बच्ची ने पीएम मोदी के हाथ सम्मान लेने से किया इनकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

8 वर्षीय पर्यावरण कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। मणिपुर की लिसिप्रिया कंगुजम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बनेंगी।

कंगुजम जलवायु परिवर्तन पर अपनी मांग को अनसुना किए जाने से नाराज हैं। बता दें, समाज के लिए प्रेरणा बनी देश की महिलाओं के सम्मान में प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीटर पर हैशटैग चलाया है। शुक्रवार को कंगुजम के संघर्ष की कहानी ट्वीटर पर साझा कर उन्हें प्रेरणास्रोत बताया गया था।

**खास बातें**

- महिला दिवस पर पीएम के कार्यक्रम भाग नहीं लोने का लिया निर्णय
- कहा अब नहीं चल सकती लापरवाही, जल्द होनी हो ठोस पहल

**पीएम महोदय, आपका धन्यवाद, पर सम्मान लेना संभव नहीं**



कंगुजम ने लिखा, प्रधानमंत्री महोदय! कृपया आप मेरा सम्मान मत करें, जबकि आप मेरी बात नहीं सुन रहे हैं। आपका शुक्रिया देश की प्रेरणादायक महिलाओं की लिस्ट में मुझे रखने के लिए। काफी सोच विचार के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंची हूं कि यह सम्मान मुझे नहीं चाहिए। उन्होंने लिखा सुरक्षित पर्यावरण के लिए काम करनेवाली बाल कार्यकर्ता कार्बन उत्सर्जन और ग्रीन हाउस गैसों को कम करने वाले कानून की मांग करती रही है। स्कूली पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन को एक अनिवार्य विषय के तौर पर भी शामिल करने की मांग है।

**पर्यावरण के प्रति सभी वर्गों में जरूरी है जागरूकता**

8 वर्षीय पर्यावरण कार्यकर्ता ने कहा कि मेरा सम्मान किया जाना उतना जरूरी नहीं है, जितना कि पर्यावरण की रक्षा। जिसकी लगातार अनदेखी की जा रही है। आपको इस पर अपना रुख बदलना चाहिए। कंगुजम ने कहा जलवायु परिवर्तन पर मेरी मांग को अनसुना किए जाने से मैं व्यक्तिगत रूप से बहुत आहत महसूस कर रही हूं। यह एक ऐसा मसला है, जिस पर समाज के सभी वर्गों को गंभीर होना चाहिए। प्रधानमंत्री अगर उनके आग्रह को स्वीकार करते तो इससे तमाम लोगों को प्रेरणा मिलती और यह मुद्दा व्यापक बहस का हिस्सा बनता।

### पर्यावरण सुरक्षा कानून बनाए जाने चाहिए

*कंगुजम ने लिखा कि हमारी जीवनशैली ही पर्यावरण के लिए घातक हो गई है और दिक्कत की बात यह है कि इस ओर उतनी गंभीरता से नहीं देखा जा रहा है, जितनी गंभीरता से देखा जाना चाहिए था। कार्बन उत्सर्जन और ग्रीन हाउस गैसों को कम करने वाले कानून बनाए जाने चाहिए, लेकिन यह विषय सार्वजनिक विमर्श से गायब है। उन्होंने आगाह किया कि अगर हम अब भी नहीं चेते तो आगले दिनों में स्थिति बेकाबू हो जाएगी। वर्तमान में समाज के हर वर्ग के लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की जरूरत है।*

## निवासियों ने सुनाई आपबीती

# 'संरा' में पीओके पर पाक को फिर होना पड़ा शर्मसार

एजेंसी ▸▸ जिनेवा

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 43वें सत्र के सम्मेलन में पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), गिलगित और बाल्टिस्तान को लेकर पाकिस्तान को काफी शर्मसार होना पड़ा। यहां पीओके के लोगों ने न सिर्फ आपबीती सुनाई बल्कि पाक कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके में किस तरह से स्थानीय लोगों का उत्पीड़न हो रहा है इस बारे में भी विश्व के देशों को जानकारी दी।

पिछले एक सप्ताह से यूएनएचआरसी की बैठक के दौरान दुनिया का ध्यान खींचने के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के बाहरपाक के खिलाफ लगातार प्रदर्शन चल रहे हैं। पूरी दुनिया को बताया जा रहा है कि किस तरह से पाकमें मानवाधिकारों को धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।



### पाकिस्तान में चरम पर अत्याचार

गिलगित-बाल्टिस्तान स्टडीज के अध्यक्ष सेंग एच. सेरिंग ने इस बैठक में पीओके के भीतर मानवाधिकारों के उल्लंघन का मुद्दा पुरजोर ढंग से उठाया। मानवाधिकारों की बात करने पर देशद्रोह के मुकदमे चलाए जाते हैं और लोग अत्याचार झेल रहे हैं।

# महिलाएं बचत की बागडोर खुद संभालें

**कामकाज की जगह से लेकर घर तक महिलाओं को वेतन में लैंगिक भेदभाव, वित्तीय निरक्षरता, परिवार की जिम्मेदारियों, वैवाहिक बाधाओं और कानूनी पूर्वाग्रह सरीखे कई अवरोधों का सामना करना पड़ता है। हालांकि, बदलते जमाने के साथ यह जरूरी हो गया है कि महिलाएं अपनी वित्तीय स्थिति की बागडोर खुद संभालें।**

शंभू भद्रा

आजकल कमाने और निवेश करने के मोर्चे पर कुछ हद तक आजादी मिलने लगी है। लिहाजा, महिलाओं को बेड़िया तोड़कर वित्तीय चुनौतियों से सीधे दो-दो हाथ करना चाहिए। इसमें निश्चित तौर पर वर्क कल्चर में बदलाव और परिवार के सदस्यों की ओर से ज्यादा सहयोग की जरूरत है। कंपनियों और परिवारों दोनों को महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान देना चाहिए ताकि वे अपने वित्तीय अधिकारों के बारे में सवाल करें। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाएं रुपये-पैसे के मामलों में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेती हैं या पुरुष उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। उनका स्वभाव निवेश और फाइनेंशियल प्लानिंग के अनुकूल होता है और प्रायः वे पुरुषों से इस मामले में बेहतर होती हैं। फाइनेंशियल इन्क्लूजन की दिशा में महिलाओं को प्रोत्साहित करने की खातिर उनकी जिंदगी में रुपये-पैसे से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान पेश करना जरूरी है। चाहे सिंगल वुमन हो या विवाहित या तलाकशुदा, वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर होने के कई तरीके हैं। हम यहां इनमें से कुछ चुनौतियों की जानदारी दे रहे हैं। ये बचत और निवेश करने में आने वाली बाधाओं, वित्तीय मामलों की जानकारी जुटाने से जुड़ी परेशानियों, पैरेंट्स और बच्चों की चाहतों और जरूरतों के बीच संतुलन बनाने या वैवाहिक जीवन में आने वाले गतिरोधों से जुड़ी हैं। हमें उम्मीद है कि इस महिला दिवस पर महिलाओं को अपने वित्तीय सपने पूरे करने में ये तरीके मददगार साबति होंगे।

## कमाई कम तो ज्यादा करें बचत

महिलाएं स्वभाव से ही तय लक्ष्यों के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग में बेहतर होती हैं। मां हो, तलाकशुदा हो या विधवा हो, बात जब सिंगल वुमन की आती है तो रुपये-पैसे संभालने में काफी संघर्ष करना पड़ता है, क्योंकि उनके सामने तीन तरह की बाधाएं आती हैं। इनमें पेमेंट में लैंगिक भेदभाव, बच्चों की देखभाल के लिए करियर में ब्रेक लेने की मजबूरी और लंबी उम्र शामिल हैं। 60 साल की महिलाओं की जीवन प्रत्याशा का 78.6 साल है। जबकि पुरुषों के मामले में यह 77.2 साल है। भारत में अविवाहित, तलाकशुदा, अलग रह रही और विधवा महिलाओं सहित कुल 7.4 करोड़ महिलाएं हैं। यह आंकड़ा 2011 की जनगणना का है। इसे देखते हुए महिलाओं के लिए अपनी वित्तीय हालात को सुरक्षित बनाने के तरीके सीखना जरूरी है।

## पुरुषों के मुकाबले कम वेतन

मॉन्सटर सैलरी इंडेक्स रिपोर्ट 2019 के अनुसार, भारत में महिलाएं अपने पुरुष समकक्षों के मुकाबले 19 फीसदी कम कमाई कर पाती हैं। 2018 में पुरुषों के लिए मीडियन ग्रॉस आवर्ली सैलरी 242.49 रुपये थी। वहीं, महिलाओं के मामले में आंकड़ा 196 रुपये का था। एग्जीक्यूटिव लेवल पर यह गैप 45 फीसदी का है। वहीं, एंट्री लेवल पर यह 20-35 फीसदी का है। इसका मतलब यह है कि एक ही तरह के काम, कौशल और अनुभव वाले पुरुषों को महिलाओं से ज्यादा वेतन मिलता है। रिटायरमेंट बेनेफिट्स और ईपीएफ, वीपीएफ में सेविंग्स के मामले में भी वे पीछे रह जाती है।

## नेटवर्किंग को नजरअंदाज नहीं करें

महिलाओं को कामकाजी सहयोगियों और इंडस्ट्री के दूसरे लोगों से संपर्क बनाए रखना चाहिए। अगर वह दो-तीन साल बाद फिर काम पर लौटना चाहें तो हो सकता है कि उसी कंपनी में दोबारा मौका न मिले। लिहाजा, संबंधित कामकाजी क्षेत्र के लोगों के संपर्क में रहना अहम होता है। अगर वे छह महीने की मैंडेटरी मैटरनिटी लीव के बाद वापसी करती हैं तो हो सकता है कि वह एक अलग वर्क प्रोफाइल चुनना चाहें। लिहाजा नए कौशल सीखना और अपने के क्षेत्र डेवेलपमेंट की जानकारी रखना महत्वपूर्ण होता है। अगर आपका प्रदर्शन पुरुष सहयोगियों के बराबर हो तो रिवॉर्ड्स और बराबर वेतन के लिए कहने में कोई खराबी नहीं है। तो महिलाओं को अपनी बात कहने का हौसला रखना चाहिए और यह विश्वास उनमें होना चाहिए कि वे पे गैप खत्म करना चाहती हैं।

### फाइनेंशियल प्लानिंग



#### मुश्किलों से मुकाबला

समाज और एम्प्लॉयर्स की सोच में बदलाव का जेंडर पे गैप घटाने में बड़ा रोल होगा। देखभाल करने के लिए करियर से ब्रेक लेने के मोर्चे पर भी ऐसे बदलाव की अहम भूमिका होगी। वहीं, महिलाएं दूसरे तरीकों से भी इस मामले में कदम उठा सकती हैं। बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं को अवकाश की जरूरत होती है, लेकिन अहम बात यह है कि वे इस अवकाश का किस तरह उपयोग करती हैं।

## बचत बढ़ाने की ठोस रणनीति जरूरी

कोई महिला कितनी बचत करती है, इसमें एक अहम पहलू इस बात का होता है कि वह कितना निवेश करती है। जेंडर पे गैप और कामकाज के अपेक्षाकृत कम वर्षों के कारण महिलाओं के कम बचत कर पाने की आशंका रहती है। लिहाजा, इस बाधा से पार पाने का एक तरीका यह है कि मंथली सेविंग्स को बढ़ाया जाए। इस तरह अगर 25 साल की कोई महिला 60 साल में रिटायरमेंट के लिए कॉरपस बना रही हो तो उसे अपनी इनकम के करीब 17 फीसदी हिस्से की बचत करनी होगी, जबकि इतना ही कॉरपस बनाने के लिए पुरुष को 10 फीसदी बचत करने की आवश्यकता होगी। अगर महिला को ऐसा करने में परेशानी महसूस हो तो वह अपने निवेश को ऑटोमैटिक मोड में डाल सकती है या ईपीएफ और पीपीएफ कॉन्ट्रिब्यूशन बढ़ा सकती है ताकि खर्च करने से पहले जरूरी बचत हो जाए। महिला या पुरुष के निवेश करने के तरीके में कोई अंतर नहीं है। लेकिन, कम समय और पैसे की भरपाई के लिए स्मार्ट तरीके में निवेश करना चाहिए। रिटायरमेंट हो या बच्चे की शिक्षा और विवाह, 12-13 साल बाद आने वाले सभी लॉन्ग टर्म गोल्स के लिए महिलाओं को इक्विटी की ग्रोथ करने की ताकत का सहारा लेना चाहिए। सभी एसेट क्लास में इक्विटी से बेहतर रिटर्न मिलता है। हालांकि, एक छोटा हिस्सा सुरक्षा के लिए डेट रखा जाना चाहिए। महिलाओं को बचत पर महंगाई और टैक्स के असर को भी ध्यान में रखना चाहिए। पूंजी की सुरक्षा जिंदगी और निवेश के लिए जोखिम कम से कम करने के लिए एक इमर्जेंसी फंड बनाना जरूरी होता है। इसके लिए सही इंश्योरेंस भी खरीदना चाहिए। अगर महिला अकेली हों तो उन्हें कम से कम आठ महीनों के लिए घर का खर्च चलाने लायक रकम का इंतजाम अलग से करना चाहिए।

## खुद को कभी भी नहीं भूलें

एक बार में कई चीजों को संभालने में आप भले कितनी ही अच्छी हों, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि माता-पिता और बच्चों की वित्तीय जरूरतों के बीच आप अपनी आवश्यकताएं पूरी करना भूल जाएं। सीमित आय से असीमित जिम्मेदारियां पूरी करना हो तो मुमकिन नहीं है। लेकिन, आप जरूरतों की प्राथमिकता तय कर खर्च पर काबू पा सकती हैं। पैरेंट्स और बच्चों पर ध्यान देने से पहले यह जरूरी है कि आप खुद को वित्तीय रूप से मजबूत बनाएं। इसके बाद ही बाकियों की मदद की जा सकती है।

## अपने भविष्य को भी सुरक्षित करें

रिटायरमेंट के लिए बचत जिस दिन से आप कमाना शुरू करती हैं, तभी से रिटायरमेंट के लिए पैसे बचाना शुरू कर देना चाहिए। इसके लिए आप इक्विटी फंड और डेट इंस्ट्रूमेंट में निवेश कर सकती हैं। अगर आप की उम्र 30 साल या अधिक है तो बचत का कम से कम 70 फीसदी इक्विटी और बचा हुआ 30 फीसदी डेट में लगाएं। डेट इनवेस्टमेंट के लिए आप ईपीएफ, वीपीएफ, पीपीएफ और एनपीएस का सहारा ले सकती हैं। यह हमेशा याद रखें कि आगे चलकर जरूरत पड़ने पर बच्चे आपसे उधार मांग सकते हैं और माता-पिता के पास ऐसी संपत्तियां होंगी जिन्हें बेचकर वे पैसे हासिल कर सकते हैं। आपके पास रिटायरमेंट के बाद फंडिंग का स्रोत नहीं होगा।

## पैरेंट्स की मदद ऐसे करें

अगर आपके माता-पिता को पैसे की तंगी है तो मुमकिन है कि उनकी मदद करने के लिए आपको खुद की जरूरतों से समझौता करना पड़े। ऐसी स्थिति से बचने के लिए आप कुछ कदम उठा सकती हैं। ऐसा कभी-कभी ही होता है कि माता-पिता के पास पैसा नहीं हो। ज्यादातर मामलों में ऐसा होता है कि उनके पास गोल्ड या प्रॉपर्टी के रूप में पैसा होता है। सबसे पहले इन संपत्तियों को बेचकर उनसे पैसा जुटाना चाहिए। इसके लिए पैरेंट्स का नजरिया बदलना पड़ सकता है। उनके जमाने में कम रिटर्न वाले डेट में निवेश करना और संपत्तियों को संभालकर रखना सही तरीका माना जाता था। हालांकि, संपत्तियों को बेचने से माता-पिता वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनेंगे और आप पर निर्भरता घटेगी। आपको उनके रिटायरमेंट बेनेफिट्स को डेट इंस्ट्रूमेंट में निवेश करने में भी मदद करनी चाहिए। इसमें 15-20 फीसदी इक्विटी कंपानेंट होना चाहिए। इसी तरह उनकी आय बढ़ेगी। अगर आप नौकरी करती हैं तो कंपनी की पॉलिसी के तहत अपने माता-पिता का इंश्योरेंस कराएं। आपके पति उनके माता-पिता को अपने एम्प्लॉयर की पॉलिसी में शामिल करा सकते हैं। अगर आप नौकरी नहीं करती हैं तो उनके लिए एक छोटा बेस कवर खरीदिए। उदाहरण के तौर पर आप उनके लिए तीन लाख रुपये का बेस कवर खरीद सकती हैं। इसके साथ तीन लाख रुपये डिडक्टिबल वाला एक 15 लाख रुपये का टॉपअप प्लान भी खरीदिए।

## बच्चों की जरूरतें पूरी करने के लिए

अपने बच्चों की हिफाजत के लिए उन्हें अपनी सालाना इनकम के सात से 10 गुने के बराबर टर्म लाइफ इंश्योरेंस जरूर लेना चाहिए। रिटायरमेंट कॉरपस पर मेडिकल कॉस्ट की आंच न आने देने के लिए महिलाओं को अपने और अपने बच्चों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस भी लेना चाहिए। बच्चे के पैदा होते ही उसकी शिक्षा के लिए बचत शुरू कर देनी चाहिए। यह एक लंबी अवधि का लक्ष्य है। इसलिए आप सिप के जरिये इक्विटी फंड में निवेश कर सकती हैं। इससे आपको 15-16 साल में अच्छा रिटर्न मिलेगा। आय बढ़ने पर आप निवेश की राशि बढ़ा सकती हैं। इस तरह तय लक्ष्य जल्द हासिल किया जा सकेगा। शिक्षा के महंगे होने के साथ खुद की रिटायरमेंट के लिए बचत करने के दबाव के बीच पैरेंट्स के लिए आजकल बच्चों की एजुकेशन और शादी दोनों फंड करना मुश्किल हो गया है। शादी अभी हमारे के लिए लक्ष्य नहीं है। अभी हम सिर्फ अपने बच्चे की शिखा पर दे रहे हैं। अगर शादी के समय पैसे अपनी स्थिति के मुताबिक खर्च कर सकते हैं। शिक्षा के लिए एजुकेशन लोन का सहारा लिया जा सकता है। इससे बच्चा पैसे का महत्व और अपनी जिम्मेदारियां समझेगा। साथ ही आपका वित्तीय भार घटेगा।

# लिखें सपनों की नई इबारत

महिलाओं को मनी मैनेजमेंट पर ध्यान देना चाहिए। महिलाओं का लाइफ स्पैन पुरुषों से ज्यादा होता है। 60 साल के बाद टेंशन फ्री जिंदगी के लिए अभी से प्लानिंग जरूरी है। कामकाजी महिलाएं या हाउसवाइफ रिटायरमेंट प्लान जरूर बनाएं। रिटायरमेंट के लिए नौकरी की शुरुआत से ही बचत करें।

## फाइनेंशियल फ्रीडम कम

कई जगह अब भी फाइनेंशियल फैसले पुरुष लेते हैं। महिलाएं होम मैनेजमेंट पर ध्यान देती हैं। महिलाएं बचत पर ज्यादा भरोसा करती हैं। निवेश के फैसले पुरुषों पर छोड़ दिए जाते हैं। फाइनेंशियल मामलों की कम जानकारी के चलते भी फैसले कम लेती हैं। समय बदलने के साथ स्थिति सुधरी है। सिर्फ बड़े शहर नहीं, छोटे शहर में भी महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्त हो रही हैं। हालांकि अभी महिलाओं में फाइनेंशियल फ्रीडम कम है।

## जेंडर पे गैप



मॉन्स्टर सैलेरी इंडेक्स रिपोर्ट 2019 के मुताबिक एक ही काम के लिए महिलाओं को कम वेतन मिलता है। भारत में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को 19% कम सैलेरी मिलती है। महिलाओं को जेंडर पे गैप का सामना करना होता है।

## करियर ब्रेक

आमतौर पर बच्चों की देखभाल के लिए महिलाएं करियर से ब्रेक लेती हैं। घर पर किसी इमरजेसी में भी महिलाओं को ही ब्रेक लेना पड़ता है। महिलाओं के मुकाबले पुरुषों के काम को ज्यादा तवज्जो दी जाती है। करियर ब्रेक के चलते महिलाओं को बाद में नौकरी नहीं मिल पाती है।

## फाइनेंशियल अज्ञानता

ग्लोबल फाइनेंशियल लिटरेसी में महिलाएं काफी पीछे हैं। 70% महिलाओं को फाइनेंशियल जानकारी नहीं है। स्टैंडर्ड एंड पूअर रेटिंग के 2015 सर्वे के मुताबिक भारत में 80% महिलाएं को फाइनेंशियल मैटर का ज्ञान नहीं है।

## वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए पांच टिप्स

**फाइनेंशियल फ्रीडम :** घर के जरूरी फाइनेंशियल फैसलों में हिस्सा लें। किसी के कहने पर जबरदस्ती निवेश न करें। जीवनसाथी के साथ मिलकर फाइनेंशियल प्लान बनाएं। अपने आप को फाइनेंशियली जागरूक बनाएं। अपने लिए निवेश करें। फाइनेंशियल फ्रीडम गेन करने के लिए जॉब या अपना काम व निवेश करें।

**इमरजेंसी फंड बनाएं :** 3-6 महीने के लिए इमरजेंसी फंड बनाएं। कंटिन्जेंसी फंड शॉर्ट टर्म जरूरतों के लिए काम आएगा। 6-12 महीने तक का निवेश लिक्विड फंड में कर सकती हैं। बैंक अकाउंट से बेहतर रिटर्न लिक्विड फंड में मिलेगा। 1-3 साल के लिए शॉर्ट टर्म डेट फंड में भी निवेश कर सकती हैं।

**निश्चित आयः** फिक्स्ड रिटर्न निवेश के लिए बैंक एफडी, कॉरपोरेट एफडी, आरडी, पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना आदि में निवेश कर सकती हैं।

एक लक्ष्य-एक निवेश : समय अवधि के हिसाब से लक्ष्य तय करें। लक्ष्य के हिसाब से निवेश करें। हर लक्ष्य को एक नाम दें। छोटी, मध्यम, लंबी अवधि के निवेश करें। लार्जकैप फंड में 5 साल से ज्यादा समय के लिए निवेश करें। मल्टी/मिडकैप फंड के लिए 10 साल से ज्यादा समय दें। ईएलएसएस फंड जैसे टैक्स सेविंग स्कीम में भी निवेश करें।

**हेल्थ इंश्योरेंस लें :** महिलाओं में हेल्थ इंश्योरेंस की ज्यादा जरूरत है। मैटरनिटी बेनेफिट लेने के लिए हेल्थ प्लान लें। क्रिटिकल इलनेस प्लान को इंश्योरेंस में शामिल करें। कैंसर के मुख्य मामलों में ब्रेस्ट, ओवरियन कैंसर शामिल करें। डायबिटीज, हाइपरटेंशन के लिए बीमा लेना जरूरी है। महिलाएं भी टर्म प्लान जरूर लें।

# स्पेशल वित्तीय स्कीम्स का उठाएं लाभ

बिजनेस डेस्क

आधुनिक युग की महिलाएं फाइनैंशियल दृष्टि से पहले से कहीं अधिक चतुर और आत्मनिर्भर हो गई हैं। चाहे एक प्रोफेशनल हो या एक होममेकर, आजकल की महिलाओं के पास अपने फाइनैंशियल लाइफ की ज्यादा समझ है और उन्हें पता है कि इसे सबसे अच्छी तरह कैसे मैनेज किया जा सकता है। बैंक बाजार द्वारा 2019 में भारत के लोगों के उधार लेने के तौर-तरीकों के बारे में पता लगाने के लिए की गई मनीमूड स्टडी में भी यही बात सामने आई थी। इस स्टडी से पता चला है कि चाहे लोन हो या क्रेडिटकार्ड, हर मामले में महिला आवेदकों की संख्या सबसे अधिक थी। होम लोन के मामले में, महिलाओं के होम लोन का औसत परिमाण (25.64 लाख रुपये), पुरुषों के औसत परिमाण (23.72 लाख रुपये) से अधिक है। महिलाएं, क्रेडिट कार्ड की टॉप कंज्यूमर्स भी थीं, और फ्यूल, प्रीमियम, और ट्रेवल कार्ड्स के लिए महिला आवेदकों की संख्या, काफी शानदार तरीके से क्रमशः 49.07%, 32.78%, और 21.99% की दर से बढ़ी है। आइए, महिला दिवस के मौके पर यहां 4 महिला केन्द्रित फाइनैंशियल प्रॉडक्ट्स और उनके फीचर्स पर नजर डालते हैं ताकि आप यह जान सकें कि ये कैसे आपकी मदद कर सकते हैं।

### वित्तीय साक्षरता

**नौकरी की बढ़ती जरूरतों और आधुनिक लाइफस्टाइल से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए महिलाओं को ऐसे फाइनैंशियल प्रॉडक्ट्स की जरूरत है जो उनकी आत्मनिर्भरता को बढ़ा सके। आजकल महिलाएं अपने परिवार के फैसले में अहम भूमिका निभाने लगी हैं।**



## हेल्थ इंश्योरेंस व क्रिटिकल ईलनेस कवर

एक महिला की सेहत से जुड़ी जरूरतें, एक पुरुष से अलग होती हैं। एक स्टैण्डर्ड हेल्थ इंश्योरेंस प्लान, कॉमन ईलनेस और हॉस्पिटलाइजेशन को कवर कर सकता है लेकिन यह ब्रेस्ट कैंसर या सर्वाइकल कैंसर जैसी महिला-विशिष्ट गंभीर बीमारियों की बढ़ती संख्या के लिए काफी नहीं भी हो सकता है। आम तौर पर, वे बच्चे के पैदा होने की तारीख बढ़ने पर होने वाला खर्च, बांझपन के इलाज का खर्च, गर्भस्थ शिशु में किसी प्रकार की जन्मजात बीमारी, इत्यादि को भी कवर नहीं करते हैं। लेकिन मार्केट में कुछ ऐसे हेल्थ इंश्योरेंस प्रॉडक्ट्स भी हैं जिन्हें ख़ास तौर पर महिलाओं के लिए तैयार किया गया है जो उनके विशेष मेडिकल खर्च को भी कवर करते हैं। महिलाओं के कवरेज की बढ़ती जरूरत को देखते हुए, कुछ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां, गंभीर बीमारियों के मामले में बच्चे की पढ़ाई का खर्च उठाने का लाभ भी दे रही हैं और जॉब लॉस को भी कवर कर रही हैं। एक इंश्योर्ड महिला को, कवर्ड गंभीर बीमारियों का पता लगने पर और अन्य शर्तों के पूरा होने पर, एक लम्पसम पेमेंट का लाभ मिल सकता है।

## उधारकर्ताओं के लिए होम लोन

होम लोन, घर खरीदने वालों को बहुत ज्यादा फाइनैंशियल सपोर्ट देता है। महिलाओं को घर खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, अधिकांश बैंक और संस्थान, महिला आवेदकों को होम लोन इंटरेस्ट रेट्स पर लगभग .05% का डिस्काउंट दे रहे हैं। होम लोन इंटरेस्ट पर डिस्काउंट का लाभ उठाने के लिए, एक महिला को इकलौता उधारकर्ता के रूप में, या एक सह-उधारकर्ता के रूप में होने पर मुख्य उधारकर्ता के रूप में होम लोन लेना होगा। कुछ बैंक, महिला उधारकर्ताओं को प्रोसेसिंग फीस में भी डिस्काउंट दे रहे हैं। महिला घर खरीदारों से अधिक आवेदन प्राप्त करने के लिए कुछ उधारदाता, महिला घर खरीदारों के लिए होम लोन योग्यता नियमों में थोड़ी राहत भी दे रहे हैं। स्टाम्प ड्यूटी में प्रॉपर्टी के वैल्यू का लगभग 6% अमाउंट शामिल होता है। देश के कुछ राज्यों में महिलाओं के लिए स्टाम्प ड्यूटी में छूट दी जा रही है। उदाहरण के लिए, झारखण्ड राज्य में पहली बार घर खरीदने वाले महिला घर खरीदारों को सिर्फ 1 रुपये देकर घर का रजिस्ट्रेशन कराने की सुविधा दी जा रही है। दिल्ली में भी महिलाओं को स्टाम्प ड्यूटी में छूट दी जा रही है जिसके तहत उन्हें पुरुषों द्वारा दिए जाने वाले लगभग 6% स्टाम्प ड्यूटी की तुलना में सिर्फ 4% देना पड़ रहा है।

## सेविंग्स अकाउंट व डेबिट कार्ड्स

एक सेविंग्स बैंक अकाउंट से जुड़ी सेवा की जरूरत, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग होती है। इसलिए अधिकांश बैंक अब वीमेंस सेविंग्स अकाउंट के साथ-साथ ख़ास तौर पर महिलाओं के लिए तैयार किए गए डेबिट कार्ड्स देने लगे हैं। महिलाओं के सेविंग्स अकाउंट्स में आम तौर पर लॉकर चार्ज पर डिस्काउंट, होम लोन, कार लोन, और पर्सनल लोन पर कंसेशनल इंटरेस्ट रेट, उनके नाबालिग बच्चों के लिए जीरो बैलेंस सेविंग्स अकाउंट, इत्यादि जैसे लाभ दिए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए कुछ स्पेशल डेबिट कार्ड्स भी तैयार किए गए हैं जहाँ उन्हें कैशबैक, डिस्काउंट, और चुनिन्दा मर्चेंट्स के साथ लेनदेन करने पर ज्यादा रिवार्ड पॉइंट्स जैसे लाभ दिए जा रहे हैं।

## लाइफ इंश्योरेंस

आम तौर पर ऐसा माना जाता है कि महिलाओं का लाइफ रिस्क पुरुषों की तुलना में कम होता है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय महिलाओं के जीवित रहने की औसत सम्भावना, पुरुषों के 67.8 साल की तुलना में 70.4 साल थी। उनके लाइफ स्टाइल, कामकाजी हालात, स्ट्रेस लेवल, और कई अन्य कारकों में अंतर होने के कारण ऐसा हो सकता है। इसका असर, महिलाओं और पुरुषों के लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम में देखने को मिल सकता है क्योंकि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम प्रीमियम देना पड़ता है। उदाहरण के लिए, 30 साल की एक महिला के लिए 30 साल के इंश्योरेंस पीरियड के लिए टर्म इंश्योरेंस प्रीमियम लगभग 9,346 रुपये है। 30 साल के एक पुरुष के लिए 30 साल के इंश्योरेंस पीरियड के लिए ही प्रीमियम अमाउंट लगभग 11,007 होगा। इस तरह आप देख सकते हैं कि महिलाओं के लिए लाइफ टर्म पॉलिसी का प्रीमियम, उसी इंश्योरेंस पीरियड और उसी इंश्योरेंस अमाउंट के लिए उसी उम्र के पुरुष से कम होता है।

## इमरजेंसी फंड भी बनाएं

इन फाइनैंशल प्रॉडक्ट्स के अलावा, एक महिला को अप्रत्याशित घटनाओं जैसे जॉब लॉस या हेल्थ इमरजेंसी का सामना करने के लिए एक इमरजेंसी फंड तैयार करके रखना चाहिए। आप इस फंड को तैयार करने के लिए लिक्विड म्यूचुअल फंड्स, फिक्स्ड या रेकरिंग डिपोजिट्स में इन्वेस्ट कर सकते हैं। आपके फंड में इतने पैसे जरूर होने चाहिए कि उससे आपके 6 से 8 महीने का खर्च चल सके। बैंकों और फाइनैंशियल कंपनियों के पास, अच्छी डील की तलाश करने वाली महिलाओं को देने के लिए काफी कुछ है। अपने ऑप्शंस के बारे में जानने के लिए अपने बैंक से बात करें या ऑनलाइन से जानने की कोशिश करें।

# डिजिलॉकर से डाउनलोड कर सकेंगे यूएएन



**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ( ईपीएफओ) ने जानकारी दी है कि पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) और यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) अब सरकारी ई-लॉकर सर्विस डिजिलॉकर में भी उपलब्ध होगा। इसके बाद ईपीएफओ सब्सक्राइबर्स अपना यूएनएन और पीपीओ डिजिलॉकर से ही डाउनलोड कर सकते हैं। ईपीएफआ के इस कदम से लाखों पेंशनभोगियों और पीएफ मेंबर्स को समय से अपना डॉक्युमेंट डाउनलोड करने और उचित लाभ लेने में मदद करेगा।

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

अतिरिक्त परियोजना संचालक
(मुख्य अभियंता)
लो.नि.वि. पी.आई.यू. भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-01, होशंगाबाद (म.प्र.)
निविदा सूचना

## खबर संक्षेप



### चोटिल ऐलिसा पैरी छह महीने के लिए बाहर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया की स्टार हरफनमौला एलिसा पैरी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण छह महीने के लिए टीम से बाहर हो गई हैं। मौजूदा टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मुकाबले में पैरी के दांए पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आया था जिससे उबरने के लिए उन्हें सर्जरी करनी होगी। पैरी ने क्रिकेट डाट काम डाट एयू से कहा, 'मैं भाग्यशाली थी की लंबे समय से चोटिल होने के बाद भी खेल को जारी रख सकी।' आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर ने कहा, 'मैं खिताबी मैच को लेकर रोमांचित हूं। यह पूरी टीम के लिए मौका है। मुझे लगता है सब के लिए यह खास समय है। मैं टीम की हौसलाअफजाई करूंगी।'

### एशियाई क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में पंघाल

**अम्मान।** भारत के स्टार मुक्केबाज अमित पंघाल (52 किग्रा) ने शनिवार को मंगोलिया के इंकमनादाख खारखु को हराकर एशियाई क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अब



वह ओलंपिक में जगह बनाने से एक जीत दूर हैं। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाला पहला भारतीय मुक्केबाज बनने वाले 23 वर्षीय शीष वरीय पंघाल ने कड़े मुकाबले में मंगोलियाई मुक्केबाज को बंटे हुए फैसले में 3-2 से हराया। पंघाल ने शुरू से ही जवाबी हमला किया और पहले दो दौर में विशेषकर उनका बायां हाथ काफी प्रभावी रहा।

### पूर्व फुटबॉल स्टार रोनाल्डिन्हो गिरफ्तार

आसुनसियोन। ब्राजील के पूर्व फुटबाल स्टार रोनाल्डिन्हो और



उनके भाई को जाली पासपोर्ट के सहारे पराग्वे में घुसने के आरोप में आसुनसियोन में गिरफ्तार किया गया है। पराग्वे के एक मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने ट्वीट किया, 'अटार्नी जनरल के कार्यालय ने उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया। रोनाल्डिन्हो पर सार्वजनिक दस्तावेज में गलत जानकारी देने का आरोप है।'

### लियोन टेनिसः केनिन सेमीफाइनल में पहुंची

लियोन। सोफिया केनिन ने फ्रांस की ओसियानी डोडिन को हराकर



डब्लूटीए लियोन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। केनिन पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन जीतने के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची है। अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने विश्व की 130वें नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ दूसरा सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-1, 6-7 (5/7), 6-2 से जीत दर्ज की।

### जापान को हराकर इक्वेडर फाइनल्स में

**टोक्यो।** इक्वेडर ने अपनी शुरुआती बढ़त बरकरार रखते हुए



शनिवार को डेविस कप क्वालीफायर में जापान को हराकर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की की। कोरोन वायरस के कारण पश्चिमी जापान के मिकी में खाली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इक्वेडर के गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडाल्गो ने युगल मैच में जापान के बेन मैकलाचलान और यासुतका उचियामा को 7-6 (7-3), 6-3 से हराया। विश्व में 27वीं रैंकिंग के इक्वेडर ने दोनों एकल मैच जीतकर 2-0 से बढ़त हासिल की।

# घरेलू क्रिकेट के 'रन मशीन' वसीम ने लिया संन्यास

## 434 मैच में ठोके 72 शतक, बनाए 26 हजार 213 रन

**जाफर रणजी ट्रॉफी में 12,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने शनिवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की जिससे दो दशक तक चले उनके शानदार करियर का भी अंत हो गया जिसमें उन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों में ढेरों रन बनाए। इस 42 वर्षीय खिलाड़ी ने 1996-97 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया तथा रणजी ट्राफी और ईरानी ट्राफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने भारत की तरफ से 31 टेस्ट मैचों में 34.11 की औसत से 1,944 रन बनाए जिसमें पांच शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं। उनका उच्चतम स्कोर 212 रन है। 2008 के बाद वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक्टिव हो गए। वहां उन्होंने जमकर बवाल मचाया। अपने पूरे करियर में वसीम जाफर ने 434 मैच (टेस्ट, वन-डे, प्रथम श्रेणी, लिस्ट ए) खेलते हुए 72 शतक और 26, 213 रन बनाए।

### कभी नहीं हारा फाइनल मुकाबला, 10 बार जिताए खिताब





### प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 57 शतक

फर्स्ट क्लास और लिस्ट ए में खेले कुल 342 मैचों में उन्होंने 23,457 रन बनाए हैं। फर्स्ट क्लास (57) और लिस्ट ए (10) दोनों मिलाकर जाफर ने 67 शतक लगाए हैं। वसीम जाफर घरेलू क्रिकेट के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कभी कोई फाइनल मुकाबला नहीं हारा है। जाफर 1996-97 से 2012-13 के बीच 8 बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम का हिस्सा रहे और फिर लगातार दो बार से (2017-18, 2018-19) उन्होंने विदर्भ को खिताब जितवाने में अहम भूमिका निभाई। बीते सीजन भी उनके बल्ले से 11 मैचों में 69.13 की औसत से 4 सेंचुरी के साथ 1037 रन निकले थे।

### पहली पारी का अंत, दूसरी पारी पर दूंगा ध्यान, जताया सभी का आभार

*'क्रिकेट में इतना लंबा समय बिताने के बाद अब आगे बढ़ने का वक्त है। लेकिन मेरे दिल के बेहद करीब रहे लाल गेंद के प्रारूप की तरह यह मेरे लिए केवल पहली पारी का अंत है। मैं अब दूसरी पारी पर ध्यान दूंगा। यह कोचिंग या कमेंट्री कुछ भी हो सकती है। मैं जहां तक संभव हो इस खेल से जुड़े रहना चाहता हूं क्योंकि इस खेल ने मुझे इतना कुछ दिया है। मेरे स्कूली दिनों से लेकर पेशेवर क्रिकेट तक मेरे कोच रहे सभी प्रशिक्षकों का विशेष आभार जिन्होंने मेरा कौशल संवारने में मदद की। चयनकर्ताओं का तहेदिल से आभार जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। सबसे पहले मैं अल्लाह का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा जिसने मुझे इस शानदार खेल को खेलने के लिए प्रतिभा बख्शी। मैं अपने परिजनों, मेरे माता पिता और भाईयों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे इस खेल को पेशे के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।*

**प्रदर्शन**

| प्रारूप | मैच | रन | औसत | शतक |
|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 31 | 1,944 | 34.11 | 05 |
| वनडे | 02 | 10 | 5.0 | 00 |
| प्रथम श्रेणी | 260 | 19,410 | 50.67 | 57 |
| लिस्ट ए | 118 | 4,849 | 44.1 | 10 |
| टी-20 | 23 | 616 | 28.0 | 00 |

*मैं अपनी पत्नी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिसने मेरा प्यारा घर बसाने और मेरे और बच्चों के लिए इंग्लैंड की आरामदायक जिंदगी छोड़ दी। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, अनिल कुंबले, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग और महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिला। सचिन (तेंदुलकर) के बारे में मैं क्या कह सकता हूं। वह मेरा आदर्श है। मैं वास्तव में भाग्यशाली रहा जो मैंने उन्हें इतने करीब से बल्लेबाजी करते हुए देखा। मेरे विचार में वह ब्रायन लारा के साथ इस युग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है।'*

### 150 मैच रणजी मैच खेलने का रिकॉर्ड

जाफर रणजी ट्रॉफी में 12,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज है। उन्होंने अपने करियर में अधिकतर समय मुंबई का प्रतिनिधित्व किया। बाद के दिनों में वह विदर्भ से खेलने लगे थे। 1996/97 में मुंबई की ओर से अपना करियर शुरू करने वाले वसीम ने 9 दिसंबर 2019 को घरेलू क्रिकेट का सबसे बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया था। 41 साल की उम्र में 2019-20 का सीजन खेलते हुए जाफर 150 रणजी मैच खेलने वाले भारत के पहले और इकलौते क्रिकेटर बने थे। घरेलू क्रिकेट में रिकॉर्ड 40 शतक जड़ने वाले वसीम साल 2018 में रणजी ट्रॉफी के इतिहास में 11000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने थे।

**क्रिकेट : महिला टी-20 विश्व कप फाइनल मुकाबला आज 12.30 बजे से**

# ऑस्ट्रेलिया पर एक और जीत से विश्व चैंपियन बनने उतरेगा भारत



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

पहली बार खिताबी मुकाबले में उतर रही भारतीय महिला टीम बड़े मैचों के दबाव से उबरकर रविवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रिकॉर्ड दर्शकों के सामने मौजूदा चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप फाइनल में नया इतिहास रचने के लिए उतरेगी। भारत ने ग्रुप चरण में अजेय रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। उसने ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीते जिसमें टूर्नामेंट के उदघाटन मैच में चार बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दर्ज की गई 17 रन की जीत भी शामिल है।

■ ग्रुप ए में चारों मुकाबले जीतकर शीर्ष पर था भारत

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के कारण पहली बार फाइनल में पहुंची। भारत की सफलता में 16 साल की शेफाली वर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी और स्पिन के दबदबे वाले गेंदबाजी आक्रमण के लगातार अच्छे प्रदर्शन ने अहम भूमिका निभाई है। लेकिन अगर भारत को पहली बार आईसीसी ट्राफी जीतकर इतिहास रचना है तो स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत जैसी स्टार बल्लेबाजों को भी उपयोगी योगदान देना होगा। मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है।



### 90 हजार दर्शक पहुंचने की संभावना

फाइनल के 75,000 से अधिक टिकट बिक चुके हैं और कुल 90,000 दर्शकों के पहुंचने की संभावना है जो कि महिला क्रिकेट में अप्रत्याशित कहा जाएगा। मेग लैनिंग की अगुवाई वाली आस्ट्रेलियाई टीम घरेलू दर्शकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। दर्शकों में उसकी पुरुष टीम के प्रमुख गेंदबाज मिशेल स्टार्क भी शामिल होंगे जो अपनी घरेलू टीम और अपनी पत्नी एलिसा हीली का उत्साह बढ़ाने के लिए दक्षिण अफ्रीकी दौरा बीच में छोड़कर यहां पहुंचे हैं।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शिखा पांडे, पूनम यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, वेदा कृष्णमूर्ति, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, पूजा वस्त्राकर, तानिया भाटिया, राधा यादव, हरलीन देओल, अरुंधति रेड्डी, शेफाली वर्मा, ऋचा घोष में से।

**ऑस्ट्रेलिया :** मेग लैनिंग (कप्तान) राचेल हेन्स, मेगान स्कट, एलिसा हीली, एलिस पेरी, जेस जोनासेन, डेलिसा किमिन्स, बेथ मूनी, निकोला केरी, एशलीग गार्डनर, सोफी मोलिनक्स, जॉर्जिया वेयरहम, एरिन बर्न्स, मौली स्ट्रानो, एनाबेल सदरलैंड में से।

### भारत आ जाता है दबाव में

इससे पहले त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में भारत को हराने वाले आस्ट्रेलिया को फाइनल में खेलने का अच्छा खासा अनुभव है। वह लगातार छठी बार फाइनल में पहुंचा है। आस्ट्रेलियाई जानते हैं कि दबाव वाले मैच में महत्वपूर्ण क्षणों में कैसा प्रदर्शन करना होता है जबकि भारत बड़े मैचों में दबाव में आ जाता है। उसे 2017 वनडे विश्व कप के फाइनल में और 2018 विश्व टी20 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

### शेफाली से फिर तूफान की उम्मीद

भारतीय टीम को किशोरी शेफाली वर्मा से फिर से तूफानी शुरुआत की उम्मीद रहेगी और उसे इस बार मंधाना से भी तेजतर्रार पारी की आस है। हरमनप्रीत के लिए फिर से फार्म में लौटने और आगे बढ़कर नेतृत्व करने के लिए इससे बड़ा मंच नहीं हो सकता है। अगर शेफाली अच्छा प्रदर्शन नहीं करती तो भारत के लिए ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाना मुश्किल हो जाता क्योंकि मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे पाए।

### टेस्ट विशेषज्ञ पुजारा कल रणजी ट्रॉफी फाइनल में खेलेंगे

**राजकोट।** भारतीय टेस्ट टीम के विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा सोमवार से बंगाल के खिलाफ खेले जाने वाले रणजी ट्राफी फाइनल में अपनी घरेलू टीम सौराष्ट्र के लिए मैदान पर उतरेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने शनिवार को बताया कि यहां एससीए मैदान में खेले जाने वाले फाइनल



मुकाबले में भारत के लिए 77 टेस्ट खेलने वाले पुजारा टीम का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड दौरे पर पुजारा हालांकि अपनी ख्याति के मुताबिक बल्लेबाजी करने में विफल रहे है। उन्होंने दौरे पर चार पारियों में सिर्फ 100 (11, 11, 54, 24) रन बनाए। एससीए चाहता था कि हरफनमौला रविन्द्र जडेजा भी टीम का हिस्सा बने लेकिन बीसीसीआई ने 'राष्ट्रीय टीम' की अहम जिम्मेदारी का हवाला देते हुए उनकी निवेदन को ठुकरा दिया। जड़ेजा 12 मार्च से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

### सचिन,वीरू...महारथियों के मैच में भारत ने विंडीज को हराया



एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोड सेफ्टी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत लीजेंड्स और वेस्ट इंडीज लीजेंड्स के बीच खेले जा रहे टी-20 मैच में भारत ने वेस्ट इंडीज को 7 विकेट से हरा दिया। भारत को जीत के लिए निर्धारित 20 ओवरों में 151 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे भारत ने 10 गेंदे शेष रहते हुए हासिल कर लिया। इससे पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट इंडीज ने 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 150 रन बनाए थे। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज लेजेंड्स ने शिवनारायण चंद्रपाल (61) और डारेन गंगा (32) की उम्दा पारियों की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 150 रन बनाए।

#### सहवाग ने बनाए नाबाद 74 रन

भारत की जीत में वीरेंद्र सहवाग के नाबाद 74 रनों का अहम योगदान रहा। सचिन तेंदुलकर ने 39 गेंदों में 36 रन बनाए। मोहम्मद कैफ 17 रन बनाकर आउट हुए, तो वहीं मनप्रीत गोनी बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। युवराज सिंह ने 7 गेंदों में नाबाद 10 रन बनाए। इंडीज की ओर से कार्ल हूपर ने सबसे ज्यादा दो विकेट हासिल किए। 19वें ओवर में भारत को जीत के लिए 5 रनों की जरूरत थी। पहली गेंद पर युवराज ने एक रन लिया। फिर सहवाग ने चौका मारकर भारत को 7 विकेट से मैच जिता दिया।

### द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया का किया वाइटवॉश..



**पोटचेस्ट्रूम।** ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशाने की पहली वनडे सेंचुरी भी उनकी टीम को जीत नहीं दिला पाई। साउथ अफ्रीका ने पोटचेस्ट्रूम में खेले गए सीरीज के तीसरे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से जीत हासिल की।

**आज महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति कोविंद करेंगे सम्मानित**

# नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित होगी 104 साल की धाविका कौर

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

महिला सशक्तिकरण में योगदान के लिए 104 साल की धाविका मन कौर को आठ मार्च को नारी शक्ति पुरस्कार 2019 से सम्मानित किया जाएगा। महिलाओं के लिए इसे देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान माना जाता है।

कौर के 82 वर्षीय पुत्र गुरदेव सिंह ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। मन कौर को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से इस संबंध में पत्र मिला है। इसमें लिखा गया है, 'आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि आपको महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित नारी शक्ति पुरस्कार 2019 के लिए चुना गया है। पुरस्कार के तहत दो लाख रुपए का मानदेय और प्रमाणपत्र दिया जाता है।

माननीय राष्ट्रपति आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान करेंगे।' कौर 104 साल की हैं। उन्होंने 2007 में चंडीगढ़ मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में अपना पहला पदक जीता था। वह 2017 में आकलैंड में विश्व मास्टर्स खेलों में 100 मीटर की दौड़ जीतकर सुर्खियों में आई थी। उनके नाम पर कई रिकार्ड दर्ज हैं। उन्होंने पोलैंड में विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स में ट्रैक एवं फील्ड में चार स्वर्ण पदक जीते थे।





### भारतीय टीम के लिए खेलेंगे मप्र के सौरभ

**भोपाल।** विल्नियस, लिथुआनिया में 8 से 15 मार्च, तक आयोजित 15 वें यूथ इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में मप्र राज्य बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ी सौरभ यादव भारतीय टीम का



प्रतिनिधित्व करेंगे। सौरभ का चयन 91 किग्रा वजन वर्ग में हुआ है। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सौरभ शनिवार को लिथुआनिया रवाना हो गए हैं। यूथ इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट की तैयारी के लिए रोहतक में आयोजित नेशनल कैंप में सौरभ यादव ने भी भागीदारी की। संचालक खेल और युवा कल्याण वीके सिंह ने सौरभ के चयन पर उन्हें बधाई दी है और उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। उल्लेखनीय है कि सौरव बॉक्सिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक रोशन लाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत हैं।

अंतरराष्ट्रीय

# महिला दिवस

विशेष



Happy Women's Day

डॉ. रेणु शर्मा

(इंटरनेशनल एवं क्रिटिकल केअर स्पेशलिस्ट)

## खुद को मजबूत बनाएँ बस यही मंत्र

[illegible]



Happy Women's Day

सीमा कुशवाह

डायरेक्टर

वर्ल्ड वाईड एजुकेशन

देख रही थी पौधे को, मन में ये अहसास हुआ।
कुछ समानता है इसमें, तभी ये लगता है अपना सा।
मिट्टी की उर्वरता से, पानी की नमी से सिंचित।
धूप की तपिश से ये, बढ़ता है, हरियाली फैलाता है। मैं भी तो संस्कारों से, आँखों के पानी को ले। मुश्किल और दुख में तप, बढ़ती हूँ, परिवार लेकर। ये फूलता है फल भी देता, मेरे परिवार में भी है खुशियाँ। लहलहाता है ये तो, मेरे आँगन में है किलकारियाँ।



भोपाल को नर्सरी के कान्सेप्ट से कराया अवगत

Happy Women's Day

यासमीन के अलीम

"मुस्कराकर, दर्द भुलाकर,
रिश्तों में बंद थी दुनिया सारी,
हर पग को रोशन करने वाली
वो शक्ति है एक नारी"



Happy Women's Day

डॉ. कृष्णा कटेवा

[illegible]

[illegible]



# बेटियाँ

बेटियाँ, शुभकामनाएं हैं।
बेटियाँ पावन दुआएँ हैं।
बेटियाँ, जीनत हदीसों की,
बेटियाँ जातक कथाएँ हैं।
बेटियाँ, गुरुग्रन्थ की वाणी,
बेटियाँ, वैदिक ऋचाएँ हैं।
जिनमें खुद भगवान बसता है,
बेटियाँ वे वन्दनाएँ हैं।
त्याग, तप, गुण, धर्म, साहस की,
बेटियाँ, गौरव-कथाएँ हैं।
मुस्कुरा के पीर पीती हैं,
बेटियाँ, हर्षित व्यथाएँ हैं।
लू-लपट को दूर करती हैं,
बेटियाँ, जल की घटाएँ हैं।
इस प्रदूषण के जमाने में,
बेटियाँ, सुरभित फिजाएँ हैं।
दुर्दिनों के दौर में देखा,
बेटियाँ, सम्वेदनाएँ हैं।
गर्म झोंके बन रहे बेटे,
बेटियाँ, ठण्डी हवाएँ हैं।



Happy Women's Day

श्रीमती प्रिया श्रीवास्तव

From: VS

महिला दिवस [illegible]



Happy Women's Day

इंजी. प्रीती सलूजा

[illegible]

जीवन की कला को, अपने हाथों से साकार कर, नारी ने सभ्यता और संस्कृति का रूप निखारा है। नारी का अस्तित्व ही, सुन्दर जीवन का आधार है।


IES PUBLIC SCHOOL

• Ratibad • Vaishali Nagar • Bagmugalia • Sehore

On the Occasion of International Women's Week

my daughter my pride scholarship scheme 2020

NO ADMISSION FEE FOR GIRL CHILD

(& SCHOLARSHIP TO THEIR SIBLINGS)

SPECIAL SCHOLARSHIP FOR MERITORIOUS STUDENTS

Offer Valid on Admissions from 1st-15th March 2020

ADMISSIONS OPEN NURSERY TO IX & XI

IES CAMPUS, RATIBAD MAIN ROAD, BHOPAL.

Contact 9229251422/75




Happy Women's Day

डॉ. छाया झा

बी.एच.एम.एस, सी.जी.ओ, एम.डी, एम डी. ई एम एस (पुणे) मेयर प्लेयर

[illegible]

मल्टी स्पेशलिटी होम्योपैथिक एवं वैकल्पिक चिकित्सा केंद्र 183, रचना नगर, नियर रचना टॉवर, भोपाल, म. प्र. फोन नं. 9152702924, 8823891562



Happy Women's Day

डॉ. सीमा सक्सेना

डायरेक्टर

विज़न कृष्णा फाउंडेशन स्कूल

VISION KRISHNA Playgroup & Nursery School

" कोई भी देश यश के शिखर पर तब तक नही पहुंच सकता जब तक उसकी महिलाएं कंधे से कन्धा मिला कर ना चलें । "



श्रीमती श्वेता चौकसे

डायरेक्टर एलएनसीटी समूह

[illegible]

Happy Women's Day

- श्रीमती श्वेता चौकसे , डायरेक्टर - एलएनसीटी समूह

लंबे समय थी अवैध निर्माण की शिकायत होटल का गेट तोड़ा

# विधायक पाठक के बांधवगढ़ होटल पर चला बुलडोजर, अवैध निर्माण ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरिया

संजय पाठक के बांधवगढ़ स्थित होटल साइना के अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया है।



प्रशासन के बुलडोजर ने होटल के सामने के गेट को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की है। इसे अवैध बताया जा रहा है। इस कार्रवाई के एसपी और कलेक्टर मौके पर थे। बहुत समय से इस अवैध निर्माण की शिकायत की जा रही थी।



### 12 साल पुराना है होटल

यह होटल 12 साल पुराना है। इसे संजय पाठक के पिता ने बनवाया था। इस होटल में कई बार भाजपा और कांग्रेस नेता भी रुक चुके हैं। आपको बता दें प्रदेश सियासी उठा-पटक के बीच सीएम कमलनाथ से मिलने का आरोप कटनी जिले के विजयराघवगढ़ सीट से विधायक संजय पाठक पर भी आरोप लगा था। शुक्रवार को भाजपा के विधायक और पूर्व मंत्री संजय पाठक ने सनसनीखेज खुलासा किया था। उन्होंने कहा था कि जिस तरह से सरकार मेरे खिलाफ काम कर रही है उससे मेरी हत्या भी हो सकती है। अपने फायदे के लिए यह लोग मेरी हत्या भी करा सकते हैं।

# सरकार मेरी गिरफ्तारी की कोशिश में

## विधायक सारंग ने लगाया सनसनीखेज आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि-आईएनएच एक्सक्लूसिव

भाजपा के विधायक और पूर्व मंत्री विश्वास सारंग ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार उनकी गिरफ्तारी करने की फिराक में है। उनके समर्थकों पर झूठे मुकदमे लादकर उन्हें फंसाने की कोशिश कर रही है। हरिभूमि-आईएनएच से विशेष बातचीत में विश्वास सारंग ने कहा कि आपरेशन लोटस जैसी कोई मुहिम भाजपा की ओर से नहीं चलाई गई है।

### मेरे समर्थकों पर बनाया जा रहा दबाव, जिससे वे छोड़ दें मेरा साथ

उन्होंने कहा का पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ट्वीट करके भाजपा के जिन नेताओं पर शोकाल्ड आपरेशन लोटस चलाने का आरोप लगाया, सरकार उनके खिलाफ जुट गई। उन विधायकों और पूर्व मंत्रियों को बिना वजह परेशान किया जा रहा है। इनमें मैं भी शामिल हूं। इसलिए पहले मेरी सुरक्षा व्यवस्था बिना मुझे बताए हटा दी गई। उसके बाद मैं जब एयरपोर्ट पर उतरा तो मुझे गिरफ्तार करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि सरकार मुझ पर लगातार दबाव बनाने की कोशिश कर



रही है, लेकिन मैं उस परिवार का हूं जो तब दबाव में नहीं आया जब पिता जी को आपातकाल में बिना किसी कारण 19 महीने के लिए जेल में डाल दिया गया था। उन्हेंने कहा कि सरकार के खिलाफ आपरेशन तो अब जनता चलाएगी और सरकार को जनता ही ठीक करेगी। जिस तरह की दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई यह सरकार कर रही है, वैसी किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुई। मेरे समर्थकों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे मेरा साथ छोड़ दे। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ फर्जी केस बनाए जा रहे हैं। सारंग ने कहा कि राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें सारी स्थिति से अवगत कराया है। पूर्व मंत्री सारंग ने कहा कि सरकार से सरकार के लोग नाराज हैं और आरोप हम लोगों पर मढ़ा जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### मंत्री ने घायलों को देख रुकवाया अपना काफिला

**भोपाल।** अपने देवास जिले के प्रवास के दौरान शनिवार को लोक निर्माण मंत्री एवं पर्यावरण मंत्री सज्जन सिंह वर्मा जब सोनकच्छ से अगेरा के लिए रवाना हुए, तब अगेरा के निकट उन्हें रास्ते में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए कुछ लोग घायलावस्था में दिखे। मंत्री वर्मा तुरंत अपने काफिले को रोक कर घायलों की मदद में लग गए। मंत्री का व्यस्त कार्यक्रम होने के बावजूद भी वह वहां डटे रहे और अपने स्टाफ की मदद से तथा डायल 100 के माध्यम से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

### 37 प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापकों के ट्रांसफर

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने शनिवार को प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में पदस्थ 37 प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापकों के ट्रांसफर किए हैं। जानकारी के अनुसार संजय गांधी कॉलेज गंज बासौदा से सहायक प्राध्यापक मधुसुधन प्रकाश का बेनजीर कॉलेज भोपाल, कन्या कॉलेज गंज बासौदा से सहायक प्राध्यापक डॉक्टर एकता पाल का बेनजीर कॉलेज भोपाल, चंद्रशेखर कॉलेज सीहोर के प्राध्यापक निहाल मोहम्मद कुरैशी का हमीदिया कॉलेज भोपाल, चंद्रशेखर कॉलेज सीहोर से इंतखाब दुर्रानी का श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज भोपाल, रीवा कॉलेज से प्राध्यापक अंजली सिंह का भोज विश्वविद्यालय भोपाल समेत अन्य शामिल है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सीएम ने दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की मातृशक्ति को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को गरिमापूर्ण तरीके से अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए अनुकूल वातावरण का निर्माण करना सरकार और समाज की साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं ने अपनी प्रतिभा से सिद्ध कर दिया है कि वे हर प्रकार की चुनौतियों का सामना कर सकती हैं। प्रदेश के विकास में योगदान दे रही सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। वे समाज का आधार स्तंभ है।

मंत्री डॉ. गोविंद ने उच्च स्तरीय बैठक में दिए निर्देश

# तिलहन संघ की 500 करोड़ की संपत्ति को बेचकर देनदारी चुकाएगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संपत्तियों को टेंडर बुलाकर नीलाम किया जाएगा, यही प्रक्रिया राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के लिए अपनाई जाएगी

करीब 500 करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज के बोझ तले दबे तिलहन संघ की देनदारी चुकाने के लिए राज्य सरकार उसकी संपत्तियां बेचेगी। संघ की संपत्ति मप्र के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में भी फैली हुई है। इन संपत्तियों को टेंडर बुलाकर नीलाम किया जाएगा। इससे आने वाली राशि से सरकार के टैक्स, कर्मचारियों के लाभांश सहित अन्य देनदारियां चुकाई जाएंगी। यही प्रक्रिया राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के लिए अपनाई जाएगी।

मप्र स्टेट को-आपरेटिव आयलसीड ग्रोवर्स फेडरेशन (मप्र तिलहन संघ) पर सरकार व अन्य संस्थाओं की 500 करोड़ रुपए से अधिक की देनदारियां बकाया है। यह हर महीने और बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए फेडरेशन ने अपनी 64 में से 26 बेशकीमती परिसंपत्तियों को बेचने का निर्णय लिया है। इन संपत्तियों की बिक्री से करोड़ों रुपए मिलेंगे। इससे फेडरेशन की बकाया देनदारियां आसानी से चुकाई जा सकेगी। सहकारिता मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने इन्हीं सब मुद्दों को लेकर शनिवार को मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी।



### सहकारिता मंत्री ने बढ़ती देनदारियों पर जताई चिंता

*बैठक में मंत्री ने देनदारियों के लगातार बढ़ने पर चिंता जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि तिलहन संघ की सभी परिसंपत्तियों की डिटेल उपलब्ध कराएं। ताकि इन संपत्तियों पर निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह ध्यान दें कि कहीं भी ऐसा नहीं होना चाहिए कि करोड़ों रुपए की संपत्ति लाखों रुपए में न बेच दी जाए। यदि ऐसा कुछ हुआ तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए वे अफसर जिम्मेदार होंगे, जिन्होंने गलत जानकारी देने की कोशिश की होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी संपत्तियों को ही बेचने के बारे में विचार किया जाए, जिनकी महत्ता लगभग खत्म हो गई हो, अथवा उप संपत्तियों को कोई खास उपयोग नहीं रह गया हो।*

### 26 परिसंपत्तियों को बेचने का प्रस्ताव

*फेडरेशन के लिक्विडेटर आरआर सिंह ने मंत्री डॉ. सिंह के सामने फेडरेशन की कुल 64 संपत्तियों की डिटेल रखी। इसमें 26 के बारे में बताया कि इसका कोई खास औचित्य नहीं रह गया है। मार्केटिंग सोसाइटी की जमीनों का उपयोग भी नहीं के बराबर है। उन्होंने सभी की डिटेल जानकारी देने को कहा। इस मौके पर करीब 250 प्राइमरी विपणन संघ की संपत्तियों के बारे में भी मंत्री डॉ. सिंह ने जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि इनकी जमीनों के उपयोग के बारे में अध्ययन कर सभी को काम दिलाएं। इस मौके पर रजिस्ट्रार (फर्म एंड सोसायटी), विपणन संघ, सहकारिता, मप्र आवास संघ समेत अन्य संस्थाओं के संबंधित अफसर मौजूद थे।*

### व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स भी बनेगा

*राज्य सरकार बंद पड़ी करीब 240 विपणन सहकारी सोसाइटियों की फिर से चालू करने की कोशिश में लगी है। इन सोसाइटियों को आर्थिक मदद देने के लिए सोसाइटियों की जमीन का इस्तेमाल करेगी। सरकार पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर इन जमीनों पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाकर बेचेगी। वहीं ब्लाक स्तरीय विपणन सहकारी संस्थाओं को व्यावसायिक दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए उर्वरक सहित अन्य व्यावसाय प्रारंभ कराए जाएंगे।*

### फिर लागू होगी एक मुश्त समझौता योजना

*मप्र राज्य सहकारी आवास संघ की स्थिति सुधारने के लिए सरकार लेनदारी वसूल करेगी। इसके लिए सरकार एक बार फिर संघ में एक मुश्त समझौता योजना शुरू करने जा रही है। योजना के तहत संघ से आवास के लिए कर्ज ले चुके लोगों से बात करेगा और ब्याज की राशि माफ कर मूल धन वापस लेने की कोशिश करेगा। यह योजना तीन साल पहले तक लागू थी।*

# वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरेगा ओरछा, वाटर स्पोटर्स को मिलेगी मदद

## ओरछा महोत्सव:इन्वेस्टर्स मीट में शामिल हुए मंत्री राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओरछा महोत्सव के दूसरे दिन ओरछा पैलेस में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में मुख्य अतिथि बृजेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि भगवान के आशीर्वाद से ओरछा में जो शादी होती है वह कभी नहीं टूटती। इसको ध्यान में रखकर वेडिंग इवेंट मेंट कंपनियों को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में ओरछा का चयन करना चाहिए। इससे एंटरप्रेन्योर और स्टार्टअप को भी अपना बिजनेस खड़ा करने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि ओरछा में फिल्म निर्माण तथा वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने इन्वेस्टर से कहा कि वे सीएम कमलनाथ पर भरोसा रखें और मप्र सहित ओरछा के आसपास उद्योग लगाएं। फूड प्रोसेसिंग यूनिट की आवश्यकता बताते हुए राठौर ने कहा कि ओरछा के आसपास आलू का उत्पादन अधिक होता है, जिससे यहां आलू आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट चिप्स आदि के छोटे-छोटे उद्योग लगाए जा सकते हैं।




### मोहंती ने किए मंदिर के दर्शन

*म मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव एसआर मोहंती ने ओरछा महोत्सव के दूसरे दिन सपरिवार रामराजा मंदिर लक्ष्मी मंदिर चतुर्भुज मंदिर आदि मंदिरों के दर्शन किए और मंदिरों में हो रहे कार्यों की*



*जानकारी ली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति महोत्सव के दौरान शाम को कंचन घाट पर शुभा मुद्गल ने और दूसरे ग्रुपों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री राठौर, सीएस मोहंती, पीएस पर्यटन किदवई एमडी आदि उपस्थित रहे।*

### सीएम ने की थी मदद

*इन्वेस्टर मीट के दौरान इंदौर की कृमि का कंपनी के प्रमुख मोहित जैन ने बताया कि वे अपना शुरू कर्म का स्वयं का स्टार्टअप शुरू करना चाह रहे थे लेकिन 3 जीपी का नियम आड़े आ रहा था जिसमें 25% ही जमीन के उपयोग किस अर्थ थी लेकिन उद्योग विभाग में 60% जमीन के उपयोग का नियम था। सीएम को समस्या बताने पर उन्होंने दोनों विभाग के लिए समान 60% का नियम 1 सप्ताह में कर दिया। जिससे जैन अपनी कंपनी खड़ी कर सकें। 2012 में कास्मेटिक और सेनेटरी आइटम के लिए शुरू की कंपनी आज सफल है।*

नगरीय प्रशासन आयुक्त ने दिए निर्देश

# 31 मार्च तक सीवेज साफ करें नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त पी. नरहरि ने सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों को 31 मार्च 2020 तक सीवेज का शत-प्रतिशत उपचार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शुरू होने तक सभी नालियों एवं सीवेज उत्पन्न करने वाले स्त्रोतों का स्थानीय उपचार करें। ऐसा नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई का निर्देश भी उन्होंने दिया है। उन्होंने कहा कि सीवेज का समय पर उपचार नहीं करने पर गंगा नदी के प्रकरण में जारी निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति देनी होगी। स्थानीय उपचार नहीं करने पर प्रति नाली प्रतिमाह 5 लाख रुपए और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) नहीं प्रारंभ होने पर प्रति एसटीपी प्रतिमाह 5 लाख रुपए के अर्थदंड का प्रावधान है। एनजीटी के नियमों के अनुसार एसटीपी प्रारंभ होने की तिथि 31 मार्च 2021 है।

# 22 हजार 812 पंचायतों में सबला महिला सभा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च को प्रदेश की सभी 22 हजार 812 ग्राम पंचायतों में 'सबला महिला सभा' का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास, लोक परम्पराओं तथा सामाजिक कुरीतियों जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। प्रत्येक 'सबला महिला सभा' के लिए एक शासकीय महिला अधिकारी व कर्मचारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### महिलाएं करेंगी अध्यक्षता

*अपर मुख्य सचिव ग्रामीण विकास मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में 'सबला महिला सभा' के सफल आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सबला महिला सभा पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सबला महिला सभा की अध्यक्षता महिला सरपंच, महिला पंच अथवा वरिष्ठ महिला सदस्य करेंगी। सभा के स्थान और समय की सूचना मुनादी से ग्राम पंचायत क्षेत्र में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सभा में विचार के लिए रखे जाने वाले विषयों का निर्धारण कर दिया गया है। सबला महिला सभा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी।*

सीएम ने जनाधिकार के तहत कलेक्टरों को किया संबोधित

# धोखाधड़ी समेत अन्य मामलों में सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सभी कलेक्टरों को गेहूं के उपार्जन, भंडारण की तैयारियों और भुगतान संबंधी व्यवस्थाएं पूरी करने को कहा है। उन्होंने कलेक्टरों से सुधार योग्य हैंडपंप की सूची बनाकर पीएचई को सौंपने के निर्देश दिए, ताकि समय पर बिगड़े हैंडपंप की मरम्मत तत्काल की जा सके।

मुख्यमंत्री शनिवार को मंत्रालय में जनाधिकार के तहत कलेक्टरों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान किया। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कुछ जिलों से चिटफंड कम्पनियों की ओर से लोगों के साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### टीसी और प्रवेश शुल्क संधारित नहीं होने पर अधिकारी होंगे जिम्मेदार

*रीवा के हितग्राही रामेन्द्र सोनकर को निजी महाविद्यालय में टीसी और प्रवेश शुल्क रसीद संधारित होने के बावजूद छात्रवृत्ति देने में विलम्ब होने पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन में विलम्ब की स्थिति ठीक नहीं है।*

### लापरवाह कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

*मंदसौर जिले में सफाई कर्मचारी राम स्वरूप को विलम्ब से हुए मजदूरी भुगतान पर मुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण में जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दतिया जिले के महेश श्रीवास्तव की जमीन का रिकॉर्ड न मिलने और फिर दोबारा दर्ज होने के जैसे प्रकरणों सघन अभियान चलाने को कहा।*







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय चिनार इंक्यूब बिजनेस सेंटर, चतुर्थ तल, होशंगाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.) 462043 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज । आरएनआई नं. MPHIN/2014/55906, फोन/फैक्स 0755-4049930